वर्ष : 18 अंकः 151 | ग्वालियर | बुधवार 02 जुलाई 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.

दैनिक
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित
# चम्बल सुर्खी
उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता



आज का तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

# कर्नाटक CM पद पर फिर विवादः डिप्टी CM शिवकुमार के करीबी MLA का दावा- 100 विधायक साथ

## खड़गे बोलेः CM बदलने का फैसला आलाकमान करेगा

बेंगलुरु (ए.)

कर्नाटक कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद को लेकर अंदरूनी खींचतान तेज हो गई है। इस बीच कांग्रेस नेता और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला बेंगलुरु दौरे पर पहुंचे हैं और पार्टी विधायकों के साथ लगातार मीटिंग कर रहे हैं।

डिप्टी CM डीके शिवकुमार के करीबी विधायक इकबाल हुसैन ने दावा किया कि करीब 100 विधायक मुख्यमंत्री बदलने के पक्ष में हैं। अगर अब बदलाव नहीं हुआ, तो 2028 का चुनाव कांग्रेस नहीं जीत पाएगी। हुसैन ने से बातचीत में कहा, हम सुरजेवाला से यह मुद्दा



खुलकर उठाएंगे। शिवकुमार ने पार्टी के लिए दिन-रात मेहनत की है और उन्हें अब ष्टरूबनने का मौका मिलना चाहिए। दरअसल, 2023 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की बड़ी जीत में डीके शिवकुमार की अहम भूमिका रही थी। तब वे मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार थे, लेकिन पार्टी हाईकमान के कहने पर उन्होंने डिप्टी CM और प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी स्वीकार की।

उस समय रोटेशनल CM फॉर्मूले की बात भी सामने आई थी, लेकिन इसे कभी सार्वजनिक रूप से मंजूरी नहीं मिली। अब एक बार फिर यह मुद्दा खुलकर सतह पर आ गया है। सुरजेवाला बोले- राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की बात सिर्फ कल्पना रणदीप सुरजेवाला सोमवार को बेंगलुरु पहुंचे थे। उनके इस दौरे को CM और डिप्टी ष्टरू में बढ़ रही दरार से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि उन्होंने इन अटकलों को खारिज कर दिया और अपने दौरे को संगठनात्मक समीक्षबताया। उन्होंने मीडिया से नेतृत्व परिवर्तन की बात को कल्पना कहा। सिद्धारमैया ने भी मैसूर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि सरकार 'बांदे' यानी चट्टान की तरह पांच साल चलेगी। खड़गे बोले- कर्नाटक में ष्टरू बदलने का फैसला आलाकमान लेगा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा, यह फैसला (CM बदलना) पूरी तरह हाईकमान के हाथ में है। कोई नहीं कह सकता कि हाईकमान के दिमाग में क्या चल रहा है। फैसला लेना उनका अधिकार है, लेकिन बेवजह किसी को इस मुद्दे को लेकर कोई परेशानी नहीं खड़ी करनी चाहिए।

## नए क्रिमिनल कानूनों का एक साल, शाह बोले- न्याय प्रणाली सरल हुई, इसे पारदर्शी बनाएंगे



नई दिल्ली(ए.)

तीन नए क्रिमिनल कानूनों के लागू होने का एक साल पूरा होने पर नई दिल्ली में 'न्याय प्रणाली में विश्वास का स्वर्णिम वर्ष' कार्यक्रम हुआ। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- मोदी जी के नेतृत्व में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय से युक्त शासन का एक स्वर्णिम कालखंड शुरू होने वाला है। जनता के अधिकारों की रक्षा करने वाली न्याय प्रणाली को पारदर्शी, जनता के उपयोगी और समयबद्ध बनाने से बड़ा रिफॉर्म कोई नहीं हो सकता। नए कानूनों से स्नङ्कक्र करेंगे तो तुरंत न्याय मिलेगा, इससे जनता का विश्वास बढ़ेगा।

## राजस्थान के अलवर में सड़कें डूबीं, घरों में पानीः हिमाचल में 11 जगह बादल फटा, 5 की मौत, 16 लापता

### प्रयागराज में गंगा-यमुना में बाढ़

नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ( ए. )

54 मिनट पहले देश के ज्यादातर हिस्सों में मानसूनी बारिश जारी है। राजस्थान के अलवर में सोमवार को भारी बारिश के चलते सड़कों पर दो फीट तक पानी भर गया। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा-यमुना में बाढ़ जैसे हालात हैं।

घाट की तरफ 500 मीटर आगे तक पानी भर गया है। हिमाचल प्रदेश के मंडी में पिछले 24 घंटे में 11 जगह बादल फटा। बाढ़ और लैंडस्लाइड से अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है, 16 लोग



लापता हैं। उत्तराखंड में सोमवार को कोटद्वार-बद्रीनाथ मार्ग पर सतपुली के पास लैंडस्लाइड की वजह से पौड़ी-मेरठ नेशनल हाईवे बंद हो गया। उत्तरकाशी में लैंडस्लाइड के कारण यमुनोत्री हाईवे बंद हो गया है।

## एअर इंडिया की फ्लाइट हवा में 900 मीटर नीचे आईःदिल्ली से वियना जा रहा था विमान, अहमदाबाद प्लेन क्रैश के 2 दिन बाद की घटना

नई दिल्ली (ए.)

अहमदाबाद प्लेन क्रैश के 2 दिन बाद 14 जून को एअर इंडिया की एक और फ्लाइट हवा में 900 मीटर नीचे आ गई थी। यह घटना दिल्ली-वियना फ्लाइट के दौरान हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विमान ने दिल्ली एयरपोर्ट से टेकऑफ किया और उसके बाद वह नीचे आने लगी। हालांकि, 9 घंटे 8 मिनट की उड़ान के बाद यह फ्लाइट वियना में सुरक्षित लैंड



हुई थी। एअर इंडिया ने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। रिपोर्ट सामने आने तक दोनों पायलट्स को ड्यूटी से हटा दिया गया है। एयरलाइन ने इस बात की जानकारी डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) को भी दे दी है। एअर इंडिया ने बताया कि रिकॉर्डर से डेटा कलेक्ट कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट ढ्ढ 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 275 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा था।

## रेसलर विनेश फोगाट मां बनीं, बेटे को जन्म दियाः7 साल पहले हुई थी शादी

### ज्यादा वजन से पेरिस ओलिंपिक से बाहर हुईं, फिर संन्यास लिया



**जींदहरियाणा** की रेसलर और जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट मां बन गई हैं। उन्होंने मंगलवार सुबह 9 बजे दिल्ली के अपोलो अस्पताल में बेटे को जन्म दिया। विनेश को कल शाम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। विनेश के ससुर राजपाल राठी ने बताया कि ऑपरेशन के जरिए डिलीवरी हुई है। फिलहाल, मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। विनेश की शादी 7 साल पहले पहलवान सोमवीर राठी से हुई थी। विनेश फोगाट ने 6 मार्च 2025 को अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए की थी। उन्होंने पति सोमवीर राठी के साथ एक फोटो शेयर करते हुए लिखा था, ऑवर लव स्टोरी कंटिन्यू विद न्यू चैप्टर (एक नए अध्याय के साथ हमारी प्रेम कहानी जारी है)। पोस्ट में उन्होंने बच्चे के पैरों के निशान और प्यार का प्रतीक भी शेयर किया था।

## मद्रास HC बोला- पुलिस सत्ता के नशे में चूरःराज्य ने अपने नागरिक को मारा; पुलिस कस्टडी में गार्ड की मौत का मामला, 5 पुलिसकर्मी गिरफ्तार

चेन्नई (ए.)

मद्रास हाईकोर्ट ने बुधवार को शिवगंगा जिले में मंदिर के गार्ड अजित कुमार (27) की पुलिस कस्टडी में हुई के मामले पर सुनवाई की। कोर्ट ने इस मामले में खुद से नोटिस लिया था।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अजित के शरीर पर चोट के 44 निशान पाए गए हैं। जस्टिस एसएम सुब्रमण्यम ने इस पर हैरानी जताई। उन्होंने कहा- ये सत्ता के नशे में चूर पुलिस की क्रूरता है।



जस्टिस ने कहा- ये क्रूर कृत्य है, राज्य ने अपने ही नागरिक की हत्या की है। शरीर पर 44 चोटों के निशान देखना चौंकाने वाला है। उसके शरीर के सभी हिस्सों पर हमला किया गया है। अजित को चोरी के आरोपी में 27 जून को हिरासत में लिया गया था। 28 जून को पुलिस कस्टडी में उसकी तबीयत बिगड़ी, इलाज के दौरान मौत हो गई। सादा कपड़े पहने पुलिसकर्मियों का अजित को पीटने का वीडियो वायरल हुआ। 30 जून को अजित की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आई। पीड़ित परिवार ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया और हाईकोर्ट में याचिका लगाई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर 5 पुलिसकर्मी गिरफ्तार किए गए।

## तेलंगाना में विरोध के बावजूद रामचंदर राव BJP प्रदेशाध्यक्ष बने

नई दिल्ली(ए.)

भाजपा ने मंगलवार को 5 राज्य हिमाचल, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और तेलंगाना में निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष चुन लिए हैं। इसके अलावा एमपी में हेमंत विजय खंडेलवाल ने भी निर्विरोध नामांकन भरा। बुधवार को उनकी जीत का ऐलान किया जाएगा। हिमाचल में राजीव बिंदल को तीसरी बार कमान दी गई है। वहीं, महेंद्र भट्ट दूसरी बार उत्तराखंड अध्यक्ष बने। महाराष्ट्र में रवींद्र चव्हाण, आंध्रप्रदेश में पीएनवी माधव और तेलंगाना में रामचंदर राव को चुना गया है। तेलंगाना में रामचंदर राव को प्रत्याशी बनाए जाने पर विवाद हुआ था। गोशामहल से विधायक टी राजा ने




विरोध करते हुए सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। 2 दिन में 9 राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तस्वीर साफ हो जाएगी। भाजपा के संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 50त्न राज्यों में चुनाव होने के बाद ही होता है।

## जयशंकर अमेरिका में बोलेः आतंकवाद के खिलाफ एक्शन का हकः भारत और पाकिस्तान सीजफायर की वजह अमेरिक से व्यापार नहीं

वाशिंगटन (ए.)

डीसी विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिका में कहा- भारत को अपने लोगों की सुरक्षा के लिए आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का पूरा अधिकार है। भारत इस अधिकार का इस्तेमाल करता रहेगा। वे वॉशिंगटन डीसी में मंगलवार को क्वाड (क्तह्वड्डस्र) विदेश मंत्रियों की बैठक से पहले मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के पीड़ित और आतंक फैलाने वालों को कभी एक जैसा नहीं देखा जाना चाहिए। दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी चाहिए। इससे पहले जयशंकर ने मंगलवार को ही अमेरिकी मैगजीन न्यूजवीक के



CEO देव प्रसाद के साथ इंटरव्यू में कहा था- भारत-पाकिस्तान सीजफायर में अमेरिका के साथ व्यापार का कोई संबंध नहीं है।

### मोदी-वेंस की बातचीत के वक्त वहीं था

इंटरव्यू में जयशंकर ने कहा- 9 मई की रात अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पीएम मोदी से बात की थी। मैं भी उस दौरान उसी कमरे में था। वेंस ने चेतावनी दी थी कि पाकिस्तान भारत पर बड़े हमले की योजना बना रहा है। पीएम मोदी ने इसकी परवाह न करते हुए कहा था- हमले का जवाब दिया जाएगा। विदेश मंत्री ने कहा- अगली सुबह (10 मई) अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पीएम से संपर्क किया। कहा- पाकिस्तान बातचीत के लिए तैयार है। इसके बाद पाकिस्तान के DGMO मेजर जनरल काशिफ अब्दुल्ला ने भारत के DGMO लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई से संपर्क किया और सीजफायर की रिक्वेस्ट की थी।

## तेलंगाना केमिकल फैक्ट्री धमाका- मौत का आंकड़ा 36 हुआः

### मलबे से 31 शव निकाले गए; तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 5 की मौत

हैदराबाद(ए.)

तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में दवा फैक्ट्री में हुए धमाके में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 36 हो गया है। फैक्ट्री से 31 शव बरामद किए गए हैं। वहीं, अस्पताल में 5 लोगों की मौत हो गई। 30 से ज्यादा घायल हैं। संगारेड्डी के SP परितोष पंकज ने यह जानकारी दी है। 30 जून को फैक्ट्री की रिएक्टर यूनिट में विस्फोट हुआ था। हादसा पाशमिलारम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह 8.15 बजे से 9.30 बजे के बीच



हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने PM नेशनल रिलीफ फंड से मृतकों के परिजन को ?2 लाख और घायलों को ?50 हजार की मदद की घोषणा की थी। इधर, तमिलनाडु के शिवकाशी में मंगलवार को एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका हुआ, न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई।

# 'एक बगिया मां के नाम' बनेगी आजीविका का नया माध्यम, महिलाएं होंगी लाभान्वित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

- 30 हजार एकड़ भूमि पर होंगे उद्यान विकसित - उद्यान विकास का मिलेगा प्रशिक्षण
- प्रदेश की 100 नदियों के उद्गम स्थलों की 10-10 एकड़ भूमि पर होगा पौधरोपण
- फ्एक पेड़ मां के नामफ् अभियान 1 जुलाई से 15 सितंबर तक चलेगा
- सभी जिलों में जिला विकास सलाहकार समितियों का होगा गठन
- जन प्रतिनिधियों सहित चिकित्सा, इंजीनियरिंग, कृषि, उद्यानिकी, डेयरी क्षेत्र के विशेषज्ञ भी होंगे शामिल



भोपाल (ए.)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में एक बगिया मां के नाम से नई योजना आरंभ की जा रही है। इसमें प्रदेश स्तर पर स्व-सहायता समूह की 30 हजार महिलाओं की 30 हजार एकड़ भूमि पर लगभग 900 करोड़ की लागत से आजीविका संवर्धन के लिए 30 लाख उद्यानिकी पौधों का रोपण कर फल उद्यान विकसित किए जाएंगे। इस योजना में हितग्राहियों को पौधे, खाद, गड्ढे खोदने के साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग और सिंचाई के लिए जल कुंड बनाने के लिए भी धनराशि प्रदान की जाएगी। उद्यान विकास के लिए महिला हितग्राहियों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे।

### 1 जुलाई से 15 सितंबर तक चलेगा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की लगभग 100 नदियों के उद्गम स्थलों पर 10-10 एकड़ भूमि पर 42 करोड़ रुपए की लागत से पौधों का रोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई से 15 सितंबर तक एक पेड़ मां के नाम अभियान आयोजित होगा, जिसे पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास, वन, उद्यानिकी सहित सभी विभाग जनसहभागिता से संचालित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी जिलों में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया जाना है। समिति में सांसद, विधायक, पंचायत तथा नगरीय निकायों के प्रतिनिधियों के साथ ही चिकित्सा, विधि, इंजीनियरिंग, समाज सेवा, कृषि, उद्यानिकी डेयरी आदि क्षेत्रों के विशेषज्ञ और प्रख्यातजन शामिल होंगे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान में बने 85 हजार से अधिक खेत तालाब

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत खेत का पानी खेत में संचित करने के उद्देश्य से प्रदेश में 85 हजार से अधिक खेत तालाबों का निर्माण किया गया। भूजल संवर्धन के लिए 1 लाख से अधिक कुओं का पुनर्भरण किया गया। पानी की अमृत बूंद को सहेजने के लिए अमृत सरोवर 2.0 के तहत 1000 से अधिक नए अमृत सरोवरों का निर्माण प्रारंभ हुआ।

शहरी क्षेत्र में समाज की सहभागिता से 3300 से अधिक जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, 2200 नालों की सफाई और 4000 वर्षा जल संचयन संरचनाएं बनाई गई। इसके साथ ही 40 लाख से अधिक नागरिकों ने 5000 से अधिक ऐतिहासिक/धार्मिक जल स्त्रोतों (बावड़ी, मंदिर तालाबों आदि) की सफाई और जीर्णोद्धार में भाग लिया। अभियान के अंतर्गत 2 लाख 30 हजार जलदूतों का रजिस्ट्रेशन हुआ।

**राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज हुईं 15 हजार से अधिक जल संरचनाएं**

नर्मदा परिक्रमा पथ और पंचकाषी यात्रा जैसे अन्य तीर्थ मार्गों का डिजिटलीकरण किया गया। अवरिल निर्मल नर्मदा योजना के तहत 5600 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधरोपण की योजना स्वीकृत कराकर कार्य आरंभ किया गया। वन क्षेत्रों में वन्यजीवों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 2500 से अधिक तालाब, स्टॉप डैम जैसी जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण किया गया।

प्रदेश की 15 हजार से अधिक जल संरचनाओं और जल संग्रहण संरचनाओं को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने का कार्य भी अभियान के अंतर्गत किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मानसून में रोपण के लिए 6 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं।

**7 जुलाई से 6 अगस्त तक होगा मूंग और उड़द का उपार्जन**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर मूंग उपार्जन के लिए 3.51 लाख मैट्रिक टन और उड़द उपार्जन के लिए 1.23 लाख मैट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मूंग के लिए 30 जून तक 2 लाख 94 हजार किसानों ने तथा उड़द के लिए 11 हजार 495 किसानों का पंजीयन हो चुका है। पंजीयन के लिए 6 जुलाई तक अंतिम तिथि निर्धारित है।

# अंतर्विभागीय एडवोकेसी एवं सामाजिक जुड़ाव कार्यशाला का आयोजन

## मलेरिया उन्मूलन हेतु सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित करें-कलेक्टर




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में मलेरिया निरोधक माह के अंतर्गत जिला स्तरीय जिला टास्क फोर्स एवं मलेरिया उन्नमूलन कमेटी व अंतर्विभागीय एडवोकेसी एवं सामाजिक जुड़ाव कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार, मलेरिया अधिकारी डॉ एसएन बिंदल, डॉ पचौरी, सहायक संचालक महिला बाल विकास श्री रिशु सुमन, सीएमओ श्योपुर श्री राधेरमण यादव, सीएमओ बडौदा श्री तारा चंद धूलिया, सीईओ जनपद श्योपुर श्री एसएस भटनागर, विजयपुर श्री आफिसर सिंह गुर्जर, जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा, परियोजना अधिकारी श्रीमती राजेश शर्मा, डीपीएम एनआरएलएम श्री सोहनकृष्ण मुदगल सहित आदि विभागो के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कहा कि मलेरिया उन्नमूलन के लिए सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किये जायें तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रो में मलेरिया जांच हेतु स्लाइड बनाई जायें। उन्होने कहा कि निर्माण साइडो पर श्रमिकों की जांच हेतु स्वास्थ्य शिविर लगाकर जांच की जायें एवं मच्छरदानी के उपयोग को बढावा दिया जायें। उन्होंने कहा कि टैमोफेस दवा का छिडकाव करें तथा मच्छरो के लार्वा को समाप्त करने हेतु गम्बुसिया मछली डाली जायें। मलेरिया कार्यक्रम के प्रति जागरूकता के लिए विद्यालयों में बच्चों के माध्यम से परिजनों को जागरूक करने हेतु जानकारी प्रदान की जायें तथा मच्छरो से बचाव के उपायो से अवगत कराया जायें। इसके साथ ही बडे विद्यालयों में होने वाली बालसभा के दौरान स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि स्कूल में पहुंचकर मलेरिया उन्मूलन के संबंध में जानकारी प्रदान कर सकते है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एसएन बिन्दल के द्वारा कार्यशाला में मलेरिया, डेंगू के बारे में सभी विभाग प्रमुखों से चर्चा कर मलेरिया कार्यक्रम में समन्वय स्थापित कर कार्यदायित्व की जानकारी दी गई। साथ ही मलेरिया व डेंगू जैसी बीमारियों को नियंत्रण हेतु सहयोग की अपील की गई। उन्होने बताया कि वर्ष 2024 में 135 केस मलेरिया के चिन्हित किये गये थे, इस वर्ष 31 मई तक मलेरिया के तीन केस आये है, जिनमें वाय वैक्स-1 और फेल्सीफेरम के दो मरीज आईडेंटीफाई हुए है, जिले में अभी तक डेंगू का कोई मरीज दर्ज नही हुआ है। मलेरिया के लक्षणों के बारे में बताया गया हैं कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता हैं, ठंड लग कर बुखार आना या एक दिन छोड़कर बुखार आने पर तुरन्त खून की जाँच करवाये तथा मलेरिया पॉजिटिव होने पर मलेरिया दवा नीति 2013 के अनुसार पूर्ण उपचार ले तथा लंबे समय से पानी से भरें गड्ढों में मिट्टी का तेल या जला हुआ इंजन ऑइल डालें, लार्वा सर्वे व लार्वा नस्टिकरण के जानकारी दी गई। उन्होने कहा कि अभी तक 12 हजार से अधिक स्थानों पर लार्वा को चैक करते हुए नष्टीकरण की कार्यवाही की गई है। उन्होने सहयोगी विभागों से अपेक्षा की कि वे मलेरिया उन्नमूलन कार्यक्रम में सहभागीता प्रदान करें।

# समुदाय उपयोगी कार्यो को प्राथमिकता से शामिल किया जायें-कलेक्टर

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कलेक्टेउट सभाकक्ष में आयोजित जिला पंचायत योजना समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिये कि जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय कार्य योजनाओं में समुदाय उपयोगी ऐसे कार्यो को प्राथमिकता के साथ शामिल किया जायें, जिनकी सर्वाधिक आवश्यकता है। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, सहायक संचालक महिला बाल विकास श्री रिशु सुमन, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती राजेश शर्मा, सीएमओ श्री राधेरमण यादव, जनपद सीईओ श्योपुर श्री एसएस भटनागर, विजयपुर श्री आफिसर सिंह गुर्जर सहित आरईएस आदि विभागो के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि 15वे वित्त आयोग के तहत टाइड एवं अनटाइड फंड में कार्य योजना के तहत गौशाला, यात्री बस स्टैण्ड, चौपाल, बाउन्ड्रीवॉल आदि बनाये जा सकते है। बैठक के दौरान परियोजना अधिकारी श्रीमती राजेश शर्मा द्वारा जिला पंचायत की कार्य योजना प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि 15वे वित्त आयोग के तहत टाइड फंड में 30-30 प्रतिशत राशि पेयजल एवं स्वच्छता संबंधी कार्यो पर व्यय की जायेगी तथा अनटाइड फंड में 40 प्रतिशत राशि ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचात्मक विकास पर व्यय होगी। इसके तहत सामुदायिक स्वच्छता परिसर का निर्माण, प्लास्टिक ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य होगे, साथ ही पेयजल के लिए ग्रामीण क्षेत्रो में हैंडपम्प, वाटरकूलर की स्थापना के कार्य लिये गये है। बैठक में बताया गया कि 15वे वित्त अंतर्गत 85 प्रतिशत राशि ग्राम पंचायतों को तथा 10 प्रतिशत राशि जनपद पंचायतो को सीधे प्राप्त होगी, जिला पंचायत को 15वे वित्त की 5 प्रतिशत राशि 1 करोड 2 लाख 52 हजार 431 रूपये प्राप्त होगी। उन्होने जानकारी दी कि जिला पंचायत को 15वे वित्त के तहत स्वच्छता संबंधी कार्यो के लिए 30 लाख 75 हजार 729 रूपये, पेयजल कार्यो के लिए 30 लाख 75 हजार 729 रूपये तथा अनटाइड फंड में 41 लाख 973 रूपये की राशि मिलेगी। इस राशि से जिला पंचायत स्तर से कार्य कराये जायेगे। यह राशि 15वे वित्त अंतर्गत जिले को मिलने वाली कुल राशि का 5 प्रतिशत है, शेष 85 प्रतिशत राशि लगभग 17 करोड रूपयें ग्राम पंचायतों को और 10 प्रतिशत राशि लगभग 2 करोड रूपये जनपद पंचायतो को मिलना अनुमानित है।

# स्यावडी में डीपी ठीक कराने के निर्देश

## परीक्षण कर सहायता राशि का प्रकरण भेजने के निर्देश, जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए हितग्राहीमूलक योजनाओं में जहां हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 89 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में एसडीएम श्री बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। जनसुनवाई के दौरान आवेदक श्री सद्दाम निवासी कागजी टोडी के आवेदन पर उनकी पुत्री जुनेरा का दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाये जाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये गये। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा आदिवासी विकासखण्ड कराहल की ग्राम पंचायत कैलोर के ग्राम स्यावडी में खराब पडी डीपी की मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये गये। ग्राम स्यावडी से आये ग्रामीणों ने अवगत कराया कि डीपी खराब पडी हुई है, जिस कारण लाइट नही आ रही है तथा पानी की मोटर भी खराब है। इस पर विधुत मंडल के अधिकारियों को डीपी बदलने एवं पीएचई के अधिकारियों को ट्यूबवैल की मोटर ठीक कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान नहर में गिरकर मृत्यु होने के मामले में परीक्षण उपरांत सहायता राशि का प्रकरण तैयार करने के निर्देश नायब तहसीलदार मानपुर को दिये गये। जनसुनवाई के दौरान श्री रामनिवास आदिवासी निवासी हीरापुर ने बताया कि उसकी पत्नि स्व. श्रीमती सबीना बाई की मृत्यु क्यारपुरा के समीप चंबल नहर में गिर जाने से हो गई थी। इस पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा आरबीसी 6-4 के तहत पानी में डूबने से हुई मृत्यु होने के मामले में परीक्षण उपरांत सहायता राशि का प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने आवास संबंधी दो आवेदनों का तत्काल निराकरण करते हुए हितग्राहियों को अवगत कराया कि पीएम आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत कर दिये गये है। आवेदक श्रीमती पूजा पत्नि श्री धारा सिंह एवं श्री मलखान मीणा द्वारा आवास के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। आवेदन का परीक्षण कर आवेदको को जानकारी दी गई कि योजना के तहत आवास स्वीकृत करने की कार्यवाही कर दी गई है तथा शीघ्र ही आवास की किस्त बैंक खाते के माध्यम से प्राप्त होगी।

# सहायक संचालक शिक्षा द्वारा किया गया स्कूलों का निरीक्षण



**कैलारस।** विगत दिवस कैलारस विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ सहायक संचालक सुश्री प्रिया सिंह द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक द्वारा सभी स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति कम होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। सभी स्कूलों में छात्र उपस्थिति बढ़ाने हेतु निर्देश दिए गए और सभी उपस्थित छात्रों को मीनू अनुसार मध्यान भोजन वितरण करने और पाठ्य पुस्तक वितरण करने के भी निर्देश दिए। सभी शिक्षकों को हिदायत दी कि शासन के आदेशानुसार शाला समय अनुसार शाला का संचालन किया जाए। निरीक्षण के समय शासकीय प्राथमिक विद्यालय चम्बल कॉलोनी कैलारस संचालित मिली,. निकाय अधीन राव सुखपाल सिंह उमावि में दर्ज छात्र संख्या 322 में से एक भी छात्र उपस्थित नहीं मिला। तथा शाला में पदस्थ 37 कर्मचारियों में से 6 कर्मचारी अनुपस्थित मिले ,शासकीय माध्यमिक विद्यालय बिलौआ संचालित मिला। ,शासकीय माध्यमिक विद्यालय खिरी संचालित मिलीनिकाय अधीन शास्त्री हाइस्कूल कोंडा में दर्ज छात्र संख्या 50 पर पदस्थ कर्मचारी 23 है। उनमें से 7 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। आननफानन में कुछ कर्मचारियों द्वारा अपने आकस्मिक और मेडिकल अवकाश दर्ज करवाए परन्तु उनसे भी स्वीकृत अवकाश आवेदन मांगे गए है।शासकीय माध्यमिक विद्यालय कोंडा संचालित पाया गया परन्तु छात्र संख्या शून्य मिली। शासकीय प्राथमिक विद्यालय बहरारा जागीर संचालित मिला।. शासकीय प्राथमिक विद्यालय देवीपुरा बूढ़ी संचालित मिली। शासकीय माध्यमिक विद्यालय मामचोन संचालित मिली। शासकीय उमावि मामचोन संचालित मिला। उपरोक्त स्कूलों में अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है तथा शाला सही संचालन की चेतावनी भी दी गई है।

# पुत्र के उपचार के लिए दी 10 हजार की सहायता

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा ग्राम बडौदाराम निवासी श्री रामराज बैरवा को सडक दुर्घटना में घायल पुत्र संजय के उपचार हेतु 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि रेडक्रॉस के माध्यम से प्रदान की गई। इसके साथ ही उन्होने एसडीएम श्योपुर को आरबीसी 6-4 के तहत सडक दुर्घटना का प्रकरण तैयार कर साढे सात हजार रूपये की राशि प्रदान किये जाने के निर्देश भी दियें है। आवेदक श्री रामराज बैरवा ने अवगत कराया कि उसका पुत्र संजय घर के बाहर खेल रहा था, तभी बाइक सवार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया, जिसका उपचार कोटा के हॉस्पीटल में चल रहा है। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के चलते आर्थिक सहायता की मांग की गई थी, जिस पर 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। सहायता राशि का चैक एसडीएम श्योपुर श्री बीएस श्रीवास्तव द्वारा प्रदान किया गया।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सेवा निवृत्त, कलेक्टर ने किया सम्मान

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी श्री मुरारीलाल सेन को सेवा निवृत्त होने के अवसर पर शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें प्रशस्ती पत्र भी प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्ट्रेट कार्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी श्री मुरारीलाल सेन 30 जून को अर्द्धवाषिकी आयु पूर्ण कर सेवा निवृत्त हुए थे। जिन्हें आज कलेक्टर चेंबर में शॉल, श्रीफल प्रदान कर सम्मानित करते हुए प्रशस्ती पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्टेनो श्री राकेश शर्मा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहें।

# आवास एवं जलभराव की समस्याओं को लेकर नगर परिषद और जनपद पर दिए गए ज्ञापन



**कैलारस।** नगर कैलारस में एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खासकर के कैलारस से लगे हुए गांवों आंतरी कैलारस ग्रामीण इसके अलावा बड़े गांवों में माधोगढ़ आदि में जल-भराव की समस्याओं को लेकर साथ ही आवास की जांच के नाम पर आवेदन निरस्त किए जाने की कार्रवाई के विरोध में आवास के पट्टे और आवास स्वीकृत किए जाने की मांगों को लेकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और मध्य प्रदेश किसान सभा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ,पुरुषों ,बुजुर्गों किसानों, नौजवानों ने नारेबाजी करते हुए नगर परिषद कार्यालय और जनपद कार्यालय पर ज्ञापन दिए। नगर परिषद कार्यालय पर प्रभारी मुख नगर पालिका अधिकारी जादौन को ज्ञापन दिया गया। जनपद कार्यालय में जनसुनवाई के दिन भी मुख्य कार्यपालनअधिकारी की अनुपस्थिति में कार्यालय प्रभारी को ज्ञापन व आवेदन दिए। इस मौके पर बोलते हुए मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी कार्यकारी जिला अध्यक्ष गयाराम सिंह धाकड़ ने कहा कि अब मंगलवार के दिन जनसुनवाई भी औपचारिकता बनकर रह गई है। इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी बैठ करकेआवेदन और ज्ञापनों को लेने के लिए भी तैयार नहीं है। समस्याओं का निराकरण तो दूर की बात है। उन्होंने कहा कि इस समय बारिश के सीजन में नाले नालिया फुल भरे हुए हैं। इन समस्याओं का समाधान किया जाए। इस प्रदर्शन एवं ज्ञापन देने की कार्रवाई का नेतृत्व सर्वश्री जगन्नाथ सिंह धाकड़ पूर्व जनपद सदस्य मांगीलाल हेमराज मुरारी लाल, मुकेश , दाताराम के अलावा पूर्व पार्षद इब्राहिम शाह करण सिंह कुशवाह, श्रीमती गुड्डी बाई, गजाधर जाटव, श्रीमती सिया बाई ,बंटी कुशवाह रमेश जाटव गोविंद कुशवाहा राजू शाह के आदि किया।

# अपर कलेक्टर ने जनसुनवाई में एक आवेदक की समस्या का तत्काल किया निराकरण

## जनसुनवाई में श्रीमती गायत्री को मौके पर ही मिली बैसाखी, अपर कलेक्टर ने जनसुनवाई में 75 से अधिक प्राप्त आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए



**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्ट्रेट में आयोजित शासन की महत्वाकांक्षी योजना जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री एल.के. पाण्डेय ने आवेदकों की समस्याओं, शिकायतों को सुना और उनका निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 75 से अधिक आवेदन आए जिन पर संबंधितों को भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिवांगी अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी, शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान फरियाद लेकर आने वाली वार्ड नंबर 29 कटरा मोहल्ला, गढ़ैया मोहल्ला भिण्ड की निवासी श्रीमती गायत्री द्वारा दिव्यांगता के कारण दैनिक दिनचर्या के कामों में होने वाली परेशानी के बारे में अवगत कराया गया। जिस पर अपर कलेक्टर ने श्रीमती गायत्री की परेशानियों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुये तत्काल संज्ञान लेकर सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर मौके पर ही तत्काल बैसाखी उपलब्ध कराई। अपनी समस्या का निराकरण हो जाने पर श्रीमती गायत्री ने जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ समापन, जिले में हुए जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों की लगाई गई प्रदर्शनी




**भिण्ड ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार पानी की एक-एक बूंद को सहेजने एवं जल संरक्षण के लिए 30 मार्च से 30 जून तक चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान का जिले में समारोहपूवर्क समापन हुआ। विधायक भिण्ड श्री नरेन्द्र सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन कार्यक्रम जिला पंचायत कार्यालय भिण्ड के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया, जनपद अध्यक्ष भिण्ड श्रीमती सरोज बघेल, सीईओ जिला पंचायत श्री सुनील दुबे सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। जिला पंचायत कार्यालय भिण्ड में अभियान समापन अवसर पर जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जिले में हुए उल्लेखनीय कार्यों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें जल संवर्धन के कार्यों को प्रदर्शित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में मंडी प्रांगण, खंडवा में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान समापन समारोह एवं वॉटरशेड सम्मेलन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला पंचायत कार्यालय भिण्ड में देखा एवं सुना गया।

# 17, बटालियन भिण्ड में हुआ विधिक साक्षरता कार्यक्रम संपन्न




**भिण्ड ब्यूरो।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार प्रेषित कार्ययोजना वर्ष 2025-26 अनुसार प्रत्येक माह विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाता है। इसीक्रम में श्री उमेश पाण्डव, प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के निर्देशानुसार 17 बटालियन, जिला भिण्ड में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित सुश्री अनुभूति गुप्ता, न्यायाधीश/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड द्वारा उपस्थित सैनिकों को पुलिस शिकायत प्रक्रिया एवं मजिस्ट्रेट न्यायालयों में विधिक सहायता योजना के बारें में सम्पूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया तथा विभिन्न प्रकार की कानूनी सलाह एवं सहायता योजनाओं के बारें में भी विस्तारपूर्वक समझाया गया। इसके अतिरिक्त उपस्थितजन को समझाया गया कि यदि कोई व्यक्ति जो विधिक सहायता का पात्र है तो वह तत्संबंध में आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड में प्रस्तुत कर सकती हैं। निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में उपस्थित होकरध्पत्र के माध्यम से या टोल फ्री नंबर 15100 पर संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। इसी क्रम में हनुमंत बौहरे, चीफ, एलएडीसी भिण्ड द्वारा उपस्थितजन को अवगत कराया कि लीगल एड डिफेंस काउंसिल कार्यालय का कार्य क्षेत्र जिला मुख्यालय के अंतर्गत समस्त सत्र न्यायालय, विशेष न्यायालय, मजिस्ट्रेट न्यायालय का है जिसके अंतर्गत लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा किसी भी आपराधिक मामलों में गिरफ्तारी से पहले रिमाण्ड, विचारण एवं अपीलीय स्तर पर आरोपियों के बचाव के अधिकारों को संरक्षित करने के लिए पूर्ण कालिक अधिवक्ताओं की सेवाओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रारंभ किया गया है उक्त कार्यालय का मुख्य उद्देश्य गरीब, शोषित, आर्थिक रूप से वंचित व्यक्ति जो आपराधिक प्रकरणों में आरोपी है उन्हें निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराना है। उक्त कार्यक्रम में श्रीमती आकांक्षा जैन, डीएसपी. 17, बटालियन भिण्ड एवं सैनिकगण उपस्थित रहे।

# ग्वालियर श्योपुर ब्रॉडगेज रेलवे ट्रैक निर्माण की पहली वारिश में ही मिट्टी धसकी ट्रैक की मिट्टी बहकर घरो में घुसी

## भाजपा नेता ने की घटिया निर्माण की जांच की मांग

राधाकृष्ण सिंघल/सोनू पाराशर

**कैलारस।** ग्वालियर से श्योपुर जाने वाली ब्रॉडगेज रेलवे लाइन पर निर्माण कार्य जारी हे इस निर्माण कार्य करते समय ना तो नागरिक सुविधाओं का ध्यान रखा गया हे और ना ही गुणवत्ता पूर्व कार्य किया गया हे इस कारण कैलारस सबलगढ़ रेलवे ट्रैक पर ट्रैक की मिट्टी पहली वारिश में ही धसक गई और मिट्टी ट्रेक के बगल रहने वाले रहवासियों के घरों में भर गई वही ट्रैक के दोनो ओर पानी निकासी के कोई प्रबंध नहीं किए गए और तो ओर मिट्टी के ऊपर पत्थर भी नहीं लगाए जिससे मिट्टी न निकले वही कैलारस में बनाए गए दर्जन भर अंदर ब्रिजों में पानी भर रहता हे ब्रिज बनने से गोड बस्ती , बौद्ध बिहार, आंतरी, शाक्य गली, के रहवासियों का जीना दूभर हो गया हे सैकड़ों घरों के चारों ओर 2 से 3 फीट तक पानी भरा रहता हे बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे इस समय को लेकर कई बार रेलवे ओर स्थानीय प्रशासन को शिकायत की हे लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई हे ट्रैक बनाते समय विभागीय इंजीनियरों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया इसकी शिकायत ग्रामीण कई बार कर चुके हे समस्या का शीघ्र निराकरण नहीं हुआ तो रहवासी बड़े आंदोलन के मूड में हे इस संबंध में भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने रेलवे डी आर एम को शिकायती पत्र भी भेजकर गुणवत्ता की जांच कराए जाने की मांग की हे रेलवे ट्रैक का जबसे निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ हे लगभग 2 साल से हमारे घरों में पानी भर रहा हे पीने का पानी भी दूषित हो गया हे पूरी बौद्ध बिहार कालोनी गौड गली सब घरों में पानी भर रहा हे





**विजेंद्र शाक्य, रहवासी बौद्ध बिहार कालोनी**

कैलारस रेलवे ट्रैक पर पानी निकासी मिट्टी धसकने की समस्या हमारे संज्ञान में हे हम काम करा रहे हे अभी बानमौर में हमारी 4 जे सी बी कार्य कर रही हे कैलारस की समस्या का भी निराकरण करवाते हे

**एस एल शाक्य, इंजीनियर रेलवे विभाग**

**ब्रॉडगेज रेल्वे ट्रैक पर हुए घटिया निर्माण की जांच की जाए शुक्ला**

कैलारस भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र शुक्ला रेलवे मंडल झांसी के डी एम आर को पत्र लिखकर अवगत कराया हे कि वर्तमान में कैलारस ग्वालियर से श्योपुर मार्ग पर नैरोगेज से ब्रॉडगेज परिवर्तन का कार्य चल रहा है जिसमें जौरा से कैलारस, कैलारस से सबलगढ तक ब्रॉडगेज रेल्वे ट्रेक का बहुत ही घटिया निर्माण कार्य हुआ है जैसे जौरा, कैलारस, सबलगढ क्षेत्र में ट्रेक की मिट्टी खिसक रही है। एवं वहां के रहवासियों के घरों में जा रही है। मिट्टी खिसकने से रेल्वे ट्रेक कमजोर हो रहा है जिसके कारण कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है। जिसके लिये ट्रेक की देख रेख करने वाले सम्बधित इन्जीनियर एवं सम्बधित निर्माण ऐंजेन्सी जिम्मेदार होगी। भाजपा नेता राजेंद्र शुक्ला ने बताया किब्रॉडगेज ट्रेक पर लोकल रेता एवं चम्बल का रेता लगाया गया है। जबकि चम्बल के रेता पर मध्यप्रदेश सरकार की ओर से रोक लगी हुई है। एवं ट्रेक पर जो मिट्टी डाली गई है वह भी ट्रेक के मानक के अनुरूप नहीं है जिसके कारण जौरा कैलारस, सबलगढ क्षेत्र में ट्रक पर बडी बडी कटाव / दरारें बन गई है इसी प्रकार अधिकांशतः आयूबी में पानी भरे हुये है जिससे उस क्षेत्र के बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे है।उपरोक्त सम्बन्ध में हमारे द्वारा पूर्व में भी लिखा गया है जिसके कारण मुझे कल 30जूनकोइन्जीनियर शाक्यवार द्वारा मेरे मोबाईल पर फोन कर पैसे का प्रलोभन दिया गया है। अतः श्रीमान जी से सादर निवेदन है कि, जौरा कैलारस सबलगढ क्षेत्र के सम्पूर्ण ब्रॉडगेज की जांच के लिये एक वरिष्ट अधिकारियों की टीम गठित करने एवं पैसे का प्रलोभन देने वाले शाक्यवार इन्जीनियर के विरूद्ध अनुशानात्मक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

# वन विभाग ने खैर की लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ा



**कैलारस।** श्रीमान मुख्य वन संरक्षक ग्वालियर श्री ए.पी.एस. सेंगर एवं वन मण्डलाधिकारी मुरैना श्री सुजीत जे. पाटिल के मार्गदर्शन में एवं श्रीमान उप वन मण्डलाधिकारी सबलगढ श्री कुलदीप राजोदिया एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी श्रीमती हिनाखॉन एवं वन अमले द्वारा परिक्षेत्र अंतर्गत चोरी छिपे की गई खैर वृक्षों की अवैध कटाई के विरूद्ध लगातार विशेष अभियान चलाकर गश्ती की गई। यह कि दिनांक 01.07.2025 को प्राप्त सूचना के आधार पर वन परिक्षेत्र अधिकारी, वनचौकी प्रभारी पहाडगढ एवं कन्हार एवं सवरेंज प्रभारी कैलारस रेंज स्टाप पहाडगढ द्वारा गश्ती के दौरान बीट कन्हार में कटे हुए खैर वृक्ष के ठूंठ एवं पास में ही कटी हुई लकडी को कुछ व्यक्ति ट्रक में लकडी भरते हुए दिखाई दिये। ट्रक को रोशनी से देखने पर कत्थई लाल रंग का दिखाई दिया। वन अमले को देखते ही अपराधी जंगल की ओर भाग निकले। वाहन चालक ट्रक को भगाने लगा तभी स्टाफ ने भागे हुए ट्रक का पीछा करते हुए पहाडगढ रोड मरा गांव के पास स्टाप ने अपनी गाडी को आगे निकालकर ट्रक को रोकने हेतु रोड पर पत्थर वोल्डर डालकर रोका गया और वाहन चालक से पूछताछ के दौरान कुछ नहीं बताया। वनटीम द्वारा ट्रक में सर्चिग के दौरान कटे खैर वृक्ष के लट्ठे पाये गए। तव स्टाफ ने वाहन चालक से भरी हुई लकडी के वारे में पूछा तो वाहन चालक ने वताय कि मेरे पास लकड़ी की कोई रसीद नहीं है। स्टाफ द्वारा लकडी सहित ट्रक की जप्ती की गई एवं साथी 02 आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। जप्त ट्रक का पंजीयन क्रमांक छ्त्र15DV7574 में लगभग 11 घ0मी0 खैर लकडी के लट्ठे भरे हुए पाये गए। तीनों आरोपियों से पूछताछ करने पर उनके नाम:- 1 अरमान पुत्र राजकुमार यादव-वाहन चालक 2 छोटू पुत्र रंजन यादव 3 दीपक पुत्र रामअवतार गुप्ता वताया। तीनों को गिरफ्तार कर जप्त ट्रक स्टाफ द्वारा रेंज कैम्पस कैलारस में सुरक्षित रखवाया गया। मौक स्थिति का पंचनामा एवं प्रकरण तैयार कर वैधानिक कार्यवाही की गई। वाहन जप्ती एवं गिरफ्तार करने में हुई कार्यवाही में प्रमुख रूप से परिक्षेत्र अधिकारी श्रीमती हिनाखॉन एवं श्री नबावसिंह धाकड श्री बांकेलाल, श्री अशोक कुमार, श्री दिनेश शर्मा, श्री कीर्तिकुमार शॉडिल्य, श्री धर्मेन्द्र शाक्य, श्री धर्मबीर मौर्य, श्री प्रताप धाकड, श्री राकेश खरे समस्त वन स्टाफ शामिल रहे।

# बरसात को देखते हुए अलर्ट मोड पर रहें सभी अधिकारी : निगमायुक्त श्री संघ प्रिय

## टीएल बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**ग्वालियर।** बरसात के मौसम को देखते हुए जल प्रदाय, सीवर, जनकार्य, भवन शाखा आदि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण करें तथा हर परिस्थिति से निपटने के लिए अलर्ट मोड पर रहें तथा सभी के फोन उठाएं और संतुष्टि के साथ जवाब भी दें। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने टीएल बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर आयुक्त श्री विजय राज, श्री मुनीष सिंह सिकरवार, श्री अनिल दुबे, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव, श्री सुनील चौहान, कार्यपालन यंत्री श्री संजीव गुप्ता, सिटी प्लानर श्री एपीएस जादौन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। नगर निगम मुख्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने अधिकारियों को निर्देशित किया बरसात का मौसम चल रहा है, जलभराव या सीवर से संबंधित कोई भी समस्या आती है तो उसका तत्काल निराकरण करायें। इसके साथ सभी वरिष्ठ अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण करें। साथ ही सीवर से संबंधित सभी उपयंत्रियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन कितनी सीवर की सफाई और कहां कहां की है इसकी जानकारी प्रतिदिन शाम को उपलब्ध करायें। बैठक में यह भी निर्देश दिए कि जनकार्य बिना प्लानिंग एक भी सडक न खादे किसी भी कार्य के लिए और जहां रोडे खोदी गई है वहां रेस्टोरेशन का कार्य करायें। बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया झाड़ू वाला मोहल्ला, कुशवाह मोहल्ला, मेवाती मोहल्ला आदि स्थानों पर नालों की सफाई नहीं कराई गई जिस कारण जलभराव हो रहा है। इस प्रकार की शिकायतें मिल रही है, संबंधित अधिकारी क्षेत्र निरीक्षण कर उक्त स्थलों की समस्याओं का निराकरण करायें तथा जहां जहां नालों पर अतिक्रमण कर लिया है अभियान चलाकर नालों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें।

बैठक में यह भी निर्देश दिए कि पार्क विभाग प्रमुख सड़कों का निरीक्षण कर पेडों की स्थिति देखें अगर कोई पेड़ गिरने की स्थिति में है तो उसको हटाने की कार्यवाही करें जिससे कोई जन हानि न हो। निगम के सभी कर्मचारियों का युक्तियुक्तकरण किये जाने हेतु कर्मचारियों की जानकारी भेजने के निर्देश संबंधित अधिकारियों दिए।

# निगमायुक्त ने किया वार्ड 58 एवं 30 का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने शहर में जलभराव एवं साफ सफाई की स्थिति देखने के लिए वार्ड 58 एवं 30 का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय अधिकारी श्री अनिल श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने वार्ड 58 एवं 30 में श्री राम कॉलोनी, माधव नगर, एजी ऑफिस पुल सिटी सेंटर सहित अन्य कई क्षेत्रों में भ्रमण कर जल भराव की स्थिति का जायजा लिया तथा सफाई की स्थिति को भी देखा तथा सहायक स्वास्थ्य अधिकारी को प्रतिदिन समय पर सफाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों को निरंतर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान वार्ड 58 एवं 30 में गंदगी मिलने पर संबंधित डब्ल्यूएचओ का एक-एक इंक्रीमेंट रोकने के निर्देश दिए।

# जल भराव के दौरान तत्काल मौके पर पहुंचे निगम अमला, करे जल निकासी की व्यवस्था : महापौर डॉ. सिकरवार

## महापौर डॉ. सिकरवार ने की जलभराव वाले स्थानों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश, क्षेत्रीय कार्यालय वार कर्मचारियों की टीम बनाने के दिए निर्देश



**ग्वालियर।** बारिश के दौरान शहर में कहीं भी जलभराव की स्थिति न बने और जहां से सूचना मिले वहां तत्काल निगम का अमला पहुंचकर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके साथ ही शहर के सभी लोगों को कंट्रोल रूम के नम्बर की जानकारी हो एवं किस क्षेत्र के लिए किस अधिकारी व कर्मचारी से सम्पर्क करें इसकी जानकारी प्रत्येक नागरिक को हो इसका व्यापक प्रचार प्रसार करें। उक्ताशय के निर्देश महापौर डॉ. शौभा सतीश सिंह सिकरवार ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए। बाल भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में मेयर इन काउंसिल के सदस्य श्री अवधेश कौरव, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर आयुक्त श्री विजय राज, श्री मुनीष सिंह सिकरवार, श्री अनिल दुबे, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, श्री एपीएस भदौरिया, अधीक्षण यंत्री श्री अतिबल सिंह यादव, कार्यपालन यंत्री श्री संजीव गुप्ता, श्री आरके शुक्ला, श्री सुशील कटारे सहित सहायक यंत्री, उपयंत्री उपस्थित रहे। बैठक में महापौर डॉ. सिकरवार ने अधिकारियों से जानकारी ली कि शहर में ऐसे कितने पॉइंट हैं जहां जल भराव की स्थिति बनती है तथा वहां जल निकासी की क्या व्यवस्था की गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर जल निकासी हेतु ड्यूटी लगाकर कर्मचारियों को तैनात करें। रात्रि के समय भी कर्मचारी संसाधनों के साथ उपस्थित रहें तथा और भी जो आवश्यक व्यवस्था की जानी वह सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करें। इसके साथ ही बारिश के दौरान सभी अधिकारी व कर्मचारी अलर्ट रहें और जहां आवश्यकता हो वहां तत्काल संसाधन सहित मौके पर पहुंचे। उन्होंने आदित्यपुरम में जल भराव की स्थिति को देखा तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शकुंतलापुरी नाले की बाउंड्री वॉल तत्काल बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ यह भी निर्देश दिए कि सभी क्षेत्रों में लाइट की व्यवस्था प्रॉपर रहे, जहां जलभराव की स्थिति बनती है, वहां जाकर देखें तथा स्ट्रीट लाइन एवं विद्युत की व्यवस्था हर हाल में प्रोपर करें जिससे दुर्घटना की सम्भावना न बने। इसके साथ ही पार्क विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी सतर्क रहें और क्षेत्र में जाकर निरीक्षण करें जो पेड़ कमजोर हैं, उनको काटने की कार्यवाही करें। जिससे कोई गंभीर स्थिति न बने। वहीं जहां भी सड़कों पर गड्ढे इत्यादि हैं उनमें मुरम भराकर सडक को मोटरेबल बनायें।

# अपर आयुक्त ने सुनी आमजन की समस्यायें, दिए निराकरण के निर्देश



**ग्वालियर।** आमजनों की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनसुनवाई आयोजित की गई। जिसमें नगर निगम ग्वालियर में अपर आयुक्त श्री मुनीष सिकरवार, श्री अनिल दुबे ने आमजनों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सिटी सेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में वार्ड 43 श्रीमती सुनीता अग्रवाल व अन्य ने आवेदन देते हुए बताया कि सराफा बाजार में कोठारी संस के संचालक द्वारा अवैध रूप से तलघर में व्यवसाय किया जा रहा है, आवेदकों ने उचित कार्यवाही के संबंध में, वार्ड 13 कोटावाला मोहल्ला निवासी श्री संतोष कुमार ने आवेदन देते हुए बताया कि उनकी भूमि को फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराकर किए जा रहे नामांतरण को रोके जाने के संबंध में, वार्ड 07 जगनापुरा लधेडी निवासी श्री लल्ले ने आवेदन देते हुए बताया कि विवादित भूमि पर अवैध कॉलोनी का निर्माण कर आवासीय भूखण्ड विक्रय किए जा रहे हैं, आवेदक ने उचित कार्यवाही के संबंध सहित निगम से संबंधित अनेक समस्याओं के आवेदन आवेदकों ने अपर आयुक्त को दिये। अपर आयुक्त ने सुनवाई करते हुए कुछ समस्याओं का निराकरण त्वरित करते हुए बांकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई, नामांतरण आदि से संबंधित 43 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अपर आयुक्त ने दिए।

# सड़क पर गंदगी फैलाने पर वसूला जुर्माना



**ग्वालियर।** शहर स्वच्छ व साफ रहे इसलिए गंदगी फैलाने वालों, अमानक पॉलीथिन, गोबर नालियों में बहाने वालों एवं भवन सामग्री सडक पर डालने वालों पर निगम द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई निरंतर की जा रही है, जिसके तहत स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म कुमार पमनानी के निर्देशन में आज फ्लाइंग स्क्वायड दक्षिण विधानसभा की टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 50 एवं वार्ड क्रमांक 46 में कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान कृष्ण रेस्टोरेंट द्वारा सडक पर गंदगी फैलाने पर 500 रूपये, अनिल किराना स्टोर द्वारा कचरा सडक पर फैंकने पर 1000 रूपये का जुर्माना किया गया। एएचओ श्री जोगेन्द्र यादव, जोनल हेल्थ ऑफीसर श्री महेश पत्थरोड़, डब्ल्यूएचओ श्री विक्रम बागडे, श्री रवि गौहर, दक्षिण फ्लाइंग स्काड प्रभारी श्री धर्मेंद्र धीरज धौलपुरिया आदि उपस्थित रहे। इसके साथ ही स्वास्थ्य अधिकारी श्री किशोर चौहान के निर्देशन में फूलबाग पर स्थित ठेला चालक, दुकानदारें के पास डस्टबिन रखवाए गए एवं समझाइश भी दी गई कि अपनी दुकान के पास दो डस्टबिन अवश्य रखें तथा न गंदगी करने दे और न स्वयं गंदगी करें।

# कोठारी पाइप्स द्वारा अवैध विज्ञापन करने पर निगम ने लगाया एक लाख पचास हजार रूपये का जुर्माना




**ग्वालियर।** नगर निगम सीमांतर्गत शहर में अवैध रूप से विज्ञापन करने वाले विज्ञापनकर्ताओं पर जुर्माना अधिरोपित करने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। जिसमें कोठारी पाइप्स द्वारा अवैध विज्ञापन करने पर 1 लाख 50 हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया। अपर आयुक्त श्री अनिल दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देश पर नगर निगम सीमांतर्गत कोठारी पाइप्स द्वारा अवैध रूप से वाहन के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के संबंध में म.प्र. आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 के उल्लंघन करने पर 1 लाख 50 हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया तथा उक्त वाहन को जब्त करने की कार्यवाही की गई।

# उद्यान पर्यवेक्षक श्री शाक्य को कारण बताओ नोटिस जारी

**ग्वालियर।** उद्यान पर्यवेक्षक श्री सुभाष शाक्य द्वारा शिकायत को नियमित रूप से न देखकर एवं गंभीरता से न लेकर शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने कारण बताओ नोटिस जारी। नोडल अधिकारी पार्क विभाग श्री अजय शाक्यवार ने बताया कि वार्ड क. 58 के क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं आमजन द्वारा वार्ड में, बारिश के कारण गिरे हुए एवं क्षतिग्रस्त पेड़ों को हटाने एवं डालियां काटने की कार्यवाही हेतु बार-बार कहा जा रहा है। उक्त क्षेत्र आपके कार्यक्षेत्र में आता है। आपके द्वारा बारिश में गिरे हुए पेड़ों को हटाने का कार्य नियमित रूप से नहीं कराया जा रहा है। निगमायुक्त के निरीक्षण में भी पाया गया है। उक्त शिकायत को नियमित रूप से न देखकर एंव गंभीरता से न लेकर शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरती जा रही है। इस हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।



# अनेक सड़कों पर पेच रिपेयरिंग कर यातायात को किया सुगम

**ग्वालियर।** अत्यधिक वर्षा के कारण खराब हुई सडकों पर नगर निगम ग्वालियर द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायात के लिए अभियान चलाकर शहर की विभिन्न सड़कों पर पेंच रिपेयरिंग का कार्य किया गया। सहायक यंत्री श्री अमित गुप्ता ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार निगम के अमले द्वारा निरंतर सुगम यातायात एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए विभिन्न सड़कों पर पेच रिपेयरिंग का काम किया जा रहा है। जिसके तहत सिंहपुर रोड कचरा ठिया पर, शिंदे की छावनी, पडाव से फूलबाग चौराहा गुरूद्वारा तक, स्टार प्लाजा के सामने मोची ओली, पीएनटी कॉलोनी, मेहरा कॉलोनी, दीनदयाल नगर, आनंद नगर, खुरैरी, सिरोल रोड सरकारी स्कूल के पास, मैनावाली गली, लक्कडखाना नाले के पास, आश्रय ग्रीन सिटी आदित्यपुरम, सिंधिया नगर, उल्लास नगर मैन गेट, विनय नगर सेक्टर 3 आदि स्थानों पर पैच रिपेयरिंग कर यातायात को सुगम बनाया गया।

# पटेल नगर मुख्य मार्ग पर नो पार्किंग में खडे वाहनों को हटाकर वसूला जुर्माना



**ग्वालियर।** शहर में सुगम यातायात के लिए नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा निरंतर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके अंतर्गत शहर के सभी प्रमुख मार्केट एवं सडकों पर अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया गया। मदाखलत अधिकारी श्री केशव सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशन तथा उपायुक्त श्री सत्यपाल सिंह चौहान के दिये गए निर्देश के पालन में पूर्व विधानसभा अंतर्गत एसपी ऑफिस के पीछ पटेल नगर में मुख्य मार्ग एवं आयकर विभाग मुख्य मार्ग पर सड़क पर चार पहिया वाहन खड़े कर यातायात अवरुद्ध किया जा रहा था। नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों को जप्त किया जाकर चालानी कार्यवाही की गई। इसके साथ ही पुनः नो पार्किंग में वाहन खड़े न करने की सख्त हिदायत दी गई। उक्त कार्यवाही मदाखलत निरीक्षक श्री विशाल जाटव एवं मदाखलत अमले द्वारा की गई।

# रामदास घाटी पार्क में रोपे पौधे



**ग्वालियर।** अमृत हरित महाअभियान के तहत शहर हरा भरा रहे इसके लिए नगर निगम द्वारा शहर में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। उद्यान पर्यवेक्षक श्री राजकुमार राजावत ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार अमृत हरित महा अभियान के अंतर्गत वृहद स्तर पर पौधा रोपण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आज रामदास घाटी पार्क में स्थानीय नागरिकों, महिलाओं, बच्चों एवं पार्क टीम द्वारा पार्क में 200 पौधों का रोपण किया गया।

# जिले में सौ दिवसीय सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग एवं जागरूकता अभियान शुरू

## सेवाभावी नागरिक बन रहे हैं सिकल सेल मित्र, सिकल सेल मित्र बनकर कर सकते हैं सिकल से पीड़ित व्यक्तियों की मदद

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में भी एक जुलाई से 100 दिवसीय सिकल सेल एनिमिया स्क्रिनिंग एवं जागरूकता अभियान शुरू हुआ। इस अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं समेत जन्म से 40 वर्ष आयु वर्ग तक के हितग्राहियों की स्क्रीनिंग की जाएगी। साथ ही चिन्हित सिकल सेल रोगियों का उपचार किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिले में प्रभावी ढंग से इस अभियान को मूर्तरूप देने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। सिकल सेल रोग के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए शासकीय गैर शासकीय संस्थाओं तथा समाज के प्रतिनिधियों को जोड़कर सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सिकल सेल मित्र भी बनाए जायेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि ग्वालियर जिले को प्रतिदिन 100 हितग्राहियों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य मिला है । स्क्रीनिंग का काम जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व आयुष्मान आरोग्य मंदिर इत्यादि शासकीय संस्थाओं में किया जायेगा। स्क्रीनिंग और जांच करके नेशनल सिकल सेल एनीमिया एलिमिनेशन पोर्टल पर एंट्री की जाएगी। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दीपाली माथुर ने बताया कि मंगलवार को 100 दिवसीय सिकल सेल एनिमिया स्क्रिनिंग एवं जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया । साथ ही ग्वालियर जिले में फॉगसी संस्था की समस्त गायनकोलॉजिस्ट व बेटी है तो कल है समाज सेवी संगठन की श्रीमती वंदना भूपेंद्र प्रेमी सिकल मित्र बनाए गए हैं। जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में ओरिएंटेशन प्रोग्राम भी आयोजित किए गए। वी एच एन डी सत्र पर आने वाली गर्भवती महिलाओ को इसके बारे में जानकारी दी गई। सिकल सेल एनीमिया के लक्षण प्रमुख रूप से खून की कमी होना, थकावट एवं सांस फूलना, बार-बार सर्दी, खांसी एवं बुखार होना, हाथ पैरों तथा जोड़ों में सूजन व दर्द व तिल्ली का बढ़ जाना इत्यादि लक्षण शामिल हैं। सिकल मित्र वह व्यक्ति होता है जो समुदाय में सिकल रोग के प्रति जागरूकता फैलाने एवं रोगियों की सहायता करने और उन्हें सरकारी संस्थाओं से जोड़ने का कार्य करता है। यह व्यक्ति आमतौर पर स्वास्थ्य विभाग या अन्य शासकीय या गैर शासकीय विभाग या संस्थानों, सवयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि, एनसीसी कैडेट, स्वयंसेवक, स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता जैसे आशा एएनएम, पंचायत सदस्य आदि कोई भी व्यक्ति हो सकता है, जो जमीनी स्तर पर समुदाय के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ हो। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दीपाली माथुर ने बताया कि चिन्हित किए गए सिकल मित्रों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रशिक्षित कर जिले में चिन्हित सिकल सेल रोगियों व वाहकों के उपचार में सहयोग करने की जिम्मेदारी सौंपी जायेगी। सिकल सेल मित्र के प्रमुख दायित्वों में सिकल के लक्षण, कारण और बचाव के बारे में समुदाय को समझाना, जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना, साथ ही सिकल सेल से जुड़ी गलतफहमियों एवं भ्रांतियां को दूर करना है। सिकल सेल की स्क्रीनिंग, जांच के लिए प्रेरित करना, रोगियों की पहचान और उन्हें नजदीकी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र से जोड़ना एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही सिकल सेल रोगियों के लिए योजनाओं के बारे में जानकारी देना आदि शामिल हैं।

# पाँच और शक्ति दीदियों ने पेट्रोल पंपों पर संभाली फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी

## कलेक्टर श्रीमती चौहान ने मंगलवार को दो महिलाओं को बनाया शक्ति दीदी, जिले में अब तक जिले की 57 जरूरतमंद महिलायें बन चुकी हैं 'शक्ति दीदी', महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ग्वालियर जिले में हुआ है 'शक्ति दीदी' नवाचार

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले की महिलाएँ अब चौका-चूल्हे और घरेलू कामकाज करने तक ही सीमित नहीं रही हैं। जिले में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से किए गए नवाचार ÷शक्ति दीदी÷ से जुड़कर जरूरतमंद महिलाएँ बखूबी ढंग से पुरुषों की तरह फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। मंगलवार एक जुलाई को 5 और जरूरतमंद महिलाएँ शक्ति दीदी बनाई गईं। इन सभी महिलाओं ने जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी संभाल ली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिये ग्वालियर जिले में ÷शक्ति दीदी÷ के नाम से कलेक्टर श्रीमती चौहान ने नवाचार किया है। जिसके तहत जरूरतमंद महिलाओं को फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में पेट्रोल पंपों पर नौकरी दिलाकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। जिले में कुल मिलाकर अब तक 57 जरूरतमंद महिलायें विभिन्न पेट्रोल पंपों पर शक्ति दीदी के रूप में काम कर रहीं हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने मंगलवार को झांसी रोड स्थित शिवचंद अमोलकचंद पेट्रोल पंप पर सुश्री हिना कुशवाह व भगवान अचलेश्वर पेट्रोल पंप पर सुश्री निशा को ÷शक्ति दीदी÷ की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने नई शक्ति दीदियों का पुष्पाहार व शक्ति दीदी की जैकेट पहनाकर उन्हें फ्यूल डिलेवरी वर्कर का दायित्व सौंपा। इस अवसर पर सहायक संचालक महिला बाल विकास श्री राहुल पाठक, सहायक जिला आपूर्ति अधिकारी श्री सौरभ जैन एवं पेट्रोल पंपों के संचालकों सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। इसी तरह फूलबाग स्थित सेठ रतीलाल पेट्रोल पंप पर सुश्री रेखा पूरिया, कलेक्ट्रेट के पीछे स्थित वैश्य एण्ड मुखर्जी पेट्रोल पंप पर सुश्री अपेक्षा जोशी एवं काल्पीब्रिज स्थित गणेश पेट्रोलियम पर सुश्री पिंकी शाक्य ने फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में शक्ति दीदी की जिम्मेदारी संभाली। जिला प्रशासन द्वारा ऐसी महिलाओं को शक्ति दीदी पहल के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, जो जरूरतमंद हैं या जिनके पति का निधन हो चुका है अथवा अपनों ने साथ छोड़ दिया है। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए कि शक्ति दीदियों का विशेष ध्यान रखें और उन्हें प्रावधानों के अनुसार मानदेय व अन्य सुविधायंस एवं साप्ताहिक अवकाश अवश्य प्रदान किया जाए। उन्होंने थाना प्रभारी को भी निर्देश दिए कि जिन पेट्रोल पंप पर शक्ति दीदी तैनात हैं उन पर लगातार गश्त करते रहें। साथ ही एसडीएम, तहसीलदार पुलिस अधिकारी, पेट्रोल पंप संचालक एवं शक्ति दीदियों को शामिल कर एक वॉट्सएप ग्रुप में नई शक्ति दीदियों को जोड़ें। कलेक्टर ने जिलेवासियों से आह्वान किया है कि वे पेट्रोल पंप पर अपने वाहनों में डीजल पेट्रोल भरवाते समय शक्ति दीदियों के प्रति सम्मान का भाव रखें। साथ ही उनकी हौसला अफजाई भी करें। पेट्रोल पंप पर शक्ति दीदी सुविधाजनक तरीके से काम कर सकें। इसके लिये उनके कार्य का समय प्रातः 9 बजे से सायंकाल 5 बजे तक रखा गया है। शक्ति दीदी बनकर फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में पेट्रोल पंपों पर काम करने की इच्छुक महिलायें कलेक्ट्रेट स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास अथवा अपने नजदीकी बाल विकास परियोजना कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं। साथ ही कलेक्ट्रेट स्थित खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के कार्यालय में भी इसके लिये संपर्क किया जा सकता है।

# महिला पॉलीटेक्निक में प्रवेश देने के लिये कॉलेज लेवल काउंसिलिंग शुरू, डिप्लोमाधारी छात्राओं को बीई द्वितीय वर्ष में प्रवेश एवं प्लेसमेंट की सुविधा

**ग्वालियर।** पड़ाव स्थित शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में छात्राओं को प्रवेश देने के लिये कॉलेज लेवल काउंसलिंग शुरू हो चुकी है। दसवीं उत्तीर्ण छात्रायें तीन वर्षीय रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रम जैसे कम्प्यूटर साइंस, इंफोर्मेशन टेक्नॉलोजी, आर्किटेक्चर एण्ड इंटीरियर डिजाइन, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, टेक्सटाईल डिजाइन, मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट एवं ब्यूटी कल्चर एण्ड कॉस्मेटोलोजी में प्रवेश देने के लिये कॉलेज लेवल काउंसिलिंग की जा रही है। प्रवेश नियम एवं अर्हता बेवसाइट https://dte.mponline.gov.in पर उपलब्ध है। महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. ए. सिद्दीकी ने बताया है कि इच्छुक छात्राएँ 13 अगस्त को रात्रि 11¬45 बजे तक घर बैठे वेबसाइट https://dte.mponline.gov.in पर जाकर या महाविद्यालय में आकर मनपसंद पाठ्यक्रम में रजिस्ट्रेशन कर सकती हैं। पंजीयन करा चुकी छात्रायें 02 जुलाई से 13 अगस्त तक महाविद्यालय में हर सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को प्रातः 10¬30 बजे से सायं 5¬00 बजे तक उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करवा सकती हैं। दसवीं परीक्षा उत्तीर्ण के साथ आईटीआई उत्तीर्ण अथवा बारहवीं उत्तीर्ण छात्राओं के लिये उपरोक्त पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) में लेटरल एण्ट्री के माध्यम से प्रवेश हेतु प्रथम चरण की काउंसिलिंग समाप्त होने के पश्चात 05 जुलाई से 13 अगस्त को रात्रि 11¬45 बजे तक रजिस्ट्रेशन करना आवश्यक है। पंजीयन कराने के बाद प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करवाने के लिये महाविद्यालय में 16 जुलाई से 13 अगस्त तक हर सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को कार्यालयीन समय में उपस्थिति होना होगा। इस बार राज्य शासन द्वारा डिप्लोमा में दो वर्ष का अध्ययन पूर्ण करने पर 12वीं उत्तीर्ण की उपाधि भी प्रदान की जाएगी जिसकी मान्यता हायर सेकण्डरी के बराबर रहेगी। रजिस्ट्रेशन में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए अथवा पाठ्यक्रम संबंधी अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय में आकर सम्पर्क किया जा सकता है। साथ ही प्रवेश समिति के सदस्यों से उनके मोबाइल फोन नं. 9669627054, 9893075093, 9827375294, 9926962005, 9098502314 व 7999332968 पर चर्चा की जा सकती है। प्राचार्य डॉ. ए. ए. सिद्दीकी ने बताया है कि अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, सामान्य एवं दिव्यांग की छात्राओं को नियमानुसार फीस की छूट एवं छात्रवृत्ति दी जायेगी। प्रगति, समर्थ, सक्षम एवं पोस्टमैट्रिक स्कीम के तहत रू. 1.50 लाख रूपए तक की पात्रता छात्राओं को है। इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में रोजगार के अवसर के अलावा डिप्लोमा के उपरांत उच्च शिक्षा बीई के द्वितीय वर्ष में प्रवेश के लिए पॉलीटेक्निक के विद्यार्थियों के लिए कोटा लेटरल एंट्री के तहत रहता है।

# कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सुनीं आमजनों की समस्यायें

ग्वालियर 01 जुलाई 2025/ जन-सुनवाई में जन सामान्य से प्राप्त आवेदनों का निराकरण तत्परता से व समयबद्ध कार्यक्रम के तहत करें। यह निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आमजन की समस्यायें सुनीं और उनके आवेदनों के निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने जन-सुनवाई के बाद कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में भी लोगों को बुलाया और एक ङ्क एक कर सभी की समस्यायें सुनीं। मंगलवार एक जुलाई को कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में बड़ी संख्या में लोगों ने जन-सुनवाई में पहुँचकर अपनी समस्यायें बताईं। जन-सुनवाई कक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्री विवेक कुमार एवं अपर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने जन सामान्य की समस्यायें सुनीं और उनके आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की।

# संपादकीय

## वेबकास्टिंग फुटेज सार्वजनिक करना सही नहीं

चुनाव आयोग ने कहा है कि मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग फुटेज सार्वजनिक करना सही नहीं है। इससे मतदाताओं या समूहों की पहचान करना आसान हो जाएगा। मत देने या मत न देने वाला, दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव या धमकी का शिकार हो सकते हैं। यह मतदाताओं की सुरक्षा, गोपनीयता व जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950-51 में निर्धारित कानूनी प्रावधानों व सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन होगा। लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को दिए जवाब में आयोग ने यह कहा जिसमें चुनाव धांधली के आरोपों के बाद सीसीटीवी फुटेज की मांग की गई थी। इससे पहले गांधी ने सोशल माडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, वोटर लिस्ट? मशीन रीडेबल फाम्रेट नहीं देंगे, सीसीटीवी फुटेज? कानून बदल कर छिपा दी। आगे उन्होंने लिखा-साफ दिख रहा है-मैच फिक्स है और फिक्स किया गया चुनाव, लोकतंत्र के लिए जहर है। दरअसल, आयोग के अनुसार, चुनाव के दौरान ली गई तस्वीरें, वीडियो व बेवकास्टिंग सिर्फ पैंतालीस दिन तक सुरक्षित रखी जाएंगी। किसी निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव नतीजों को अदालत में चुनौती नहीं दी जाती तो पैंतालीस दिन बाद यह डाटा नष्ट कर दिया जाएगा। कांग्रेस इसका शुरू से ही दोहरा रही है कि यह डाटा साल भर तक सुरक्षित रखा जाता था। कांग्रेस इसे चुनाव आयोग व मोदी सरकार की मिली-भगत ठहराते हुए लोक तांत्रिक व्यवस्था को खत्म करने की साजिश बता रही है। बेशक, आयोग के तर्क अपनी जगह उचित हैं मगर उसे सरकार के दबाव में आए बगैर अपनी स्वायत्तता का ख्याल रखना चाहिए। विपक्षी दलों की दलीलें सुनना उसका जिम्मा है। आशंकाओं व चिंताओं को मिटाने के प्रति उसे जवाबदेह भी होना होगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था में न केवल विपक्षी राजनीतिक दल, बल्कि स्वयं मतदाता भी अपनी जिज्ञासाएं रखने को स्वतंत्र है। मतदाताओं की सुरक्षा व गोपनीयता निश्चित रूप से बेहद जरूरी हैं। मगर अपने उम्मीदवार के पक्ष-विपक्ष या धांधली के आरोपों की पुष्टि कराना भी दलों का जिम्मा है। अव्वल तो गांधी को बगैर सबूतों के इतने गंभीर आरोप लगाने से बचना चाहिए परंतु आयोग को भी उनकी आशंकाएं मिटाने का भरपूर प्रयास करना होगा। पैंतालीस दिन किसी भी आशंका या आरोप के लिए कम नहीं कहे जा सकते। आयोग को वरिष्ठ पदाधिकारियों को बुला कर अति सुरक्षित व गोपनीय व्यवस्था में विवादित फुटेज दिखाने का प्रावधान भी जोड़ना होगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही अति आवश्यक है।

## फिर राजनीति की शिकार हुई हिन्दी

(मुकेश" कबीर"-विनायक फीचर्स)




आखिर महाराष्ट्र सरकार ने तीन भाषा नीति रद्द कर ही दी,अब महाराष्ट्र में हिंदी तीसरी भाषा के रूप में नहीं पढ़ाई जायेगी। इसे ठाकरे बंधुओं की जीत भी कहा जा सकता है जिनके कारण फडणवीस सरकार को अपना आदेश वापस लेना पड़ा। जब राज ठाकरे ने तीन भाषा नीति का विरोध किया तो उनको हिंदी विरोधी साबित करने की भरपूर कोशिश की गई लेकिन बाद में फडणवीस सरकार को बैकफुट पर आना पड़ा । दरअसल फडणवीस सरकार ने इस मुद्दे पर ठाकरे बंधुओं का विरोध करके ही सबसे बड़ी गलती कर दी और उनको नव संजीवनी भी दे दी। महाराष्ट्र की राजनीति के हिसाब से गलती फडणवीस सरकार की थी कि उन्होंने तीन भाषा नीति बनाई और हिन्दी के माध्यम से राष्ट्रप्रेम दिखाने की कोशिश की लेकिन तब सवाल यह उठा कि यह हिंदी प्रेम सिर्फ महाराष्ट्र में ही क्यों उमड़ा ? अन्य राज्यों में सरकार हिंदी को लेकर इतनी मुखर क्यों नहीं है ? गुजरात और आंध्र प्रदेश में भी बीजेपी सत्ता में है, कश्मीर में सरकार का हिस्सा रह चुकी है, लेकिन वहां हिंदी को तीसरी भाषा बनाने के प्रयास नहीं किए गए।

और हिंदी से यदि इतना प्रेम है तो हिंदी को तीसरी भाषा क्यों बनाया जा रहा दूसरी भाषा क्यों नहीं ? अंग्रेजी पूरे देश में दूसरी भाषा के रूप में पढ़ाई जा रही है उसकी जगह हिन्दी क्यों नहीं पढ़ाई जाती ? और फिर महाराष्ट्र के अलावा बहुत से राज्य हैं जहां उनकी अपनी भाषा है वहां पर हिंदी पूरी तरह उपेक्षित है उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा ? यदि हिंदी को हम राष्ट्रभाषा मानते हैं तो पूरे देश में इसको पहली या दूसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाना चाहिए लेकिन आप तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाकर अपना हिंदी प्रेम दिखाने की कोशिश कर रहे हैं और वो भी सिर्फ महाराष्ट्र में ? असल में महाराष्ट्र में यह सब राजनीति इसलिए है क्योंकि वहां उत्तर भारतीयों की संख्या बहुत ज्यादा है और अब नगर निकायों के चुनाव भी होने वाले हैं इसीलिए पक्ष और विपक्ष दोनों प्रखर और मुखर हैं जबकि हिंदी का न कोई प्रेमी है न विरोधी है।

हिन्दी के माध्यम से फडणवीस खुद को राष्ट्रवादी साबित करने में लगे थे और उनकी नजरें उत्तर भारतीय हिंदी भाषी वोटरों पर थी, तो राज ठाकरे ने इसको मराठी अस्मिता से जोड़ दिया और वे हर मंच से कहते नजर आए कि गुजरात में हिंदी को तीसरी भाषा का दर्जा क्यों नहीं है, आंध्र प्रदेश,तमिलनाडु,बंगाल में क्यों नहीं है सिर्फ महाराष्ट्र में ही क्यों ? शुरू में बीजेपी ने ठाकरे की मराठी अस्मिता का विरोध करने की भरपूर कोशिश की लेकिन यह दांव उल्टा पड़ा तो सरकार खुद ढीली पड़ गई और तुरंत यूटर्न ले लिया। वैसे भी सरकार की नीति स्पष्ट नहीं थी क्योंकि हिन्दी तीसरी भाषा के रूप में भी अनिवार्य नहीं थी बल्कि वैकल्पिक बनाई जा रही थी। इसका अर्थ यही था कि हिंदी का सिर्फ नाम लिया जा रहा था क्योंकि वैकल्पिक भाषा पढ़ता कौन है देश में ? और उसमें भी शर्त यह थी कि यदि कोई बच्चा हिंदी पढ़ना चाहे तो उनको बीस बच्चे इकट्ठे करने होंगे जो हिंदी पढ़ना चाहें,बीस बच्चे होंगे तभी क्लास में हिंदी पढ़ाई जायेगी,अब कौन सा बच्चा है जो बीस बच्चे इकट्ठे करेगा ? जो बच्चा खुद ही मुश्किल से स्कूल भेजा जाता हो वो अपने जैसे बीस बच्चे कैसे इकट्ठे करेगा ? मतलब सरकार की मंशा ही स्पष्ट नहीं है,यदि सरकार वाकई में हिंदी पढ़ाना चाहती है तो हिंदी को अंग्रेजी की जगह दूसरी भाषा क्यों नहीं बना देती ? और चार पांच साल का बच्चा कितनी भाषाएं सीखेगा ? मराठी और अंग्रेजी सीखने में ही तो बच्चों का काफी समय और ऊर्जा लग जाता है फिर वो हिंदी क्यों सीखेंगे ? और सीखने के लिए अपने जैसे बीस बच्चे कहां से लाएंगे,कभी कभी तो पूरी क्लास में भी बीस बच्चे नहीं होते इसका मतलब है कि अप्रत्यक्ष रूप से सरकार भी सिर्फ मराठी और अंग्रेजी तक ही सीमित रहना चाहती थी लेकिन दिखाने के लिए उन्होंने हिंदी को भी जोड़ दिया राज ठाकरे ने सत्ता पक्ष की इस गलती का भरपूर फायदा उठा लिया। बीजेपी सरकार की समझदारी यह जरूर रही कि उन्होंने यूटर्न लेने में देरी नहीं की और पांच जुलाई की ठाकरे बंधुओं की जन सभा से पहले ही उनकी मांग मान ली। वैसे ठाकरे बंधुओं की इस संयुक्त सभा का महाराष्ट्र ही नहीं बल्कि देश भर के लोग भी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

फडणवीस सरकार ने इस स्थिति को जल्दी भांप लिया और उनका हिंदी प्रेम तुरंत खत्म हो गया। खैर, अभी जो हुआ वह राजनीतिक मसला है लेकिन भाषा के मुद्दे कभी राजनीतिक होना नहीं चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है,बच्चे को क्या पढ़ना है यह पक्ष और विपक्ष के मुद्दे नहीं होने चाहिए बल्कि सारे देश में एक निर्विवाद और स्पष्ट शिक्षा एवं भाषा नीति होना चाहिए जो देश के हर प्रांत में समान रूप से लागू हो तभी हिंदी भाषा का विकास हो सकेगा वरना हर प्रांत अपनी मनमर्जी करेगा और एक दिन अंग्रेजी इस देश की राष्ट्रीय भाषा बन जाएगी।

### शब्द सामर्थ्य -095

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।




**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 094 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | | सि | वा | य | | कि |
| लि | | चा | ह | त | | म | म | ता |
| क | सू | र | | म | ग | न | | ब |
| | र | | | | द | | | |
| क | मा | न | | पा | र | स | | स |
| मी | | म | जा | ल | | न | क | ली |
| ना | दा | न | | ना | र | द | | का |
| | मि | | | | तौं | | | |
| सु | नी | ल | | अ | धी | र | | जी |

## व्यास पीठ पर हंस और कौवे

(सुधाकर आशावादी-विनायक फीचर्स)



एक कहावत है कि जिसका काम उसी को साजे यानी निपुण व्यक्ति ही अपना दायित्व बखूबी निभा सकता है, लेकिन यहाँ तो कौवा चला हंस की चाल, अपनी भी भूल बैठा जैसी कहावत पर अमल करने की होड़ मची है। जिसने पुस्तकों का गहन अध्ययन नहीं किया, वह दिव्य ज्ञान बाँटने का ठेकेदार है । कथा व्यास के आसन पर प्रभुत्व जमाने का दम भर रहा है तथा दुहाई दे रहा है कि जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान । वैसे तो यह कहावत उन साधुओं के लिए बनी थी, जो परम विद्वान होते थे तथा मानवता के कल्याण हेतु समर्पित रहते थे यानी आज की तरह धंधे बाज नहीं होते थे। आजकल साधु की जगह स्वादु अधिक हो गए हैं जो हर प्रकार के मोह जाल में गहरे धँसे हैं। कथा व्यास और साधु में भी अंतर होता है। कथा व्यास जब से कथा की दक्षिणा की जगह कथा शुल्क लेने लगे हैं, वे भी अभिनेता की तरह दाम सर्वोपरि मानने लगे हैं। वैसे कथा करना भी एक धंधा है। पहले कथा धार्मिक आस्था का प्रतीक हुआ करती थी, अब कथा संगीत, अभिनय और नौटंकी का रूप ले चुकी है। शिक्षित और बुद्धिजीवी कथावाचक देश विदेश और टीवी चैनल्स पर अपना प्रभाव स्थापित कर रहे हैं तथा जो इस धंधे से आकर्षित होकर इसे अपनी कमाई का ज़रिया बना रहे हैं, वे अपना नाम, जाति बदलकर कथा के नाम पर फूहड़ गानों की पैरोडी याद करके नैन मटकाना सीख रहे हैं तथा कथा व्यास की गद्दी पर बैठकर भौंडा अभिनय करने से बाज नहीं आ रहे हैं। युग बदल रहा है तो श्रीमद् भागवत का अध्ययन कौन करे। ये नौटंकी बाज जानते और समझते हैं कि अब धर्म भी धंधा है और धार्मिक कथाएं भी। बात केवल भीड़ को प्रभावित करने की है। संस्कारों का संचरण करने की नहीं। संस्कारों का संचरण करने वाले कथा व्यास अब ढूँढे नहीं मिलते, अब गीत, संगीत, अभिनय का घालमेल करके सौंदर्य प्रसाधन का प्रयोग करने वाले कथा व्यासों की डिमांड अधिक है। कथा करने का ठेका लाखों करोड़ों में लेते हैं और उपदेश देते हैं कि लालच कभी मत करो, पैसे से मोह मत करो। दान में ही समृद्धि है। त्याग से बढ़कर संसार में दूसरा कोई सुख नही है। खुद एडवांस में पैसा लिए बिना कथा व्यास की गद्दी पर नही बैठेंगे और दूसरों को मोह माया से दूर होकर वैराग्य का पाठ पढ़ाएँगे। ऐसे में भला कौन ऐसा बेरोजगार होगा, जो कथा व्यास बनना नहीं चाहेगा। इसलिए नौटंकी बाज इस धंधे में अपना भाग्य क्यों न आज़माएँ । अपना धंधा जमाने के लिए कई बार समस्या जाति की भी आती है। ऐसे में जातीय हीनता से उबरने के लिए यदि अपने नाम में परिवर्तन करना पड़े तो परहेज़ कैसा। कुछ नौटंकी बाज अपनी धंधेबाजी के लिए कुछ भी कर सकते हैं। विद्वान कथा व्यास की कोई जाति नही पूछता, किंतु उन लम्पटों की जाति पर संदेह अवश्य व्यक्त करता है, जो कथा व्यास की गद्दी पर बैठकर अशोभनीय हरकत करते हैं। विभिन्न प्रकार की भाव भंगिमाएं बनाकर अपने आप को नौटंकी का कलाकार सिद्ध करने में कोई कसर नहीं छोड़ते।

## गीतों में व्यंग्य से व्यवस्था पर शालीन प्रहार

(विवेक रंजन श्रीवास्तव -विनायक फीचर्स)



हिंदी फिल्मी गीतों में व्यंग्य एक सशक्त माध्यम रहा है जिसने सामाजिक विसंगतियों, राजनीतिक भ्रष्टाचार और मानवीय दुर्बलताओं को बिना कटुता तीखेपन से उघाड़ा है। ये गीत मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक दर्पण का काम करते हैं, जो समाज के अंतर्विरोधों को संगीत और शब्दों के माध्यम से प्रस्तुत करते हैं। उदाहरण के लिए, फिल्म पड़ोसन (1968) का गीत ÷एक चतुर नार करके सिंगार, मेरे मन के द्वार ये घुसत जात...÷ राजेंद्र कृष्ण द्वारा रचित और किशोर कुमार व मेहमूद द्वारा गाया गया यह गीत नारी चतुराई और पुरुष अहं पर करारा व्यंग्य करता है। इसमें दक्षिण भारतीय लहजे का प्रयोग हास्य के साथ-साथ सांस्कृतिक रूढ़ियों को भी चिह्नित करता है । फिल्म प्यासा (1957) का गीत ÷सर जो तेरा चकराए, या दिल डूबा जाए...÷ शकील बदायूंनी के बोल और मोहम्मद रफी की आवाज में जॉनी वॉकर पर फिल्माया गया था। यह गीत शहरी जीवन की अवसादग्रस्त दिनचर्या और तनावमुक्ति के लिए तेल मालिश (चंपी) पर निर्भरता का मखौल बनाकर हास्य उत्पन्न करता है। जीवन की जटिल समस्याओं का समाधान एक चंपी में खोजा जा रहा है, जो निजी कुंठाओं से भागने का प्रतीक बन जाता है यह व्यंग्य हास्य मिश्रित है। काला बाज़ार (1989) का गीत ÷पैसा बोलता है...÷ कादर खान पर फिल्माया गया, जो धन के अमानवीय प्रभुत्व को दर्शाता है।

नितिन मुकेश की आवाज में यह गीत पूँजीवादी समाज में नैतिक मूल्यों के पतन की ओर इशारा करता है, जहाँ पैसा हर रिश्ते और सिद्धांत पर हावी है । कॉमेडियन मेहमूद की अदाकारी ने कुंवारा बाप (1974) के गीत ÷सज रही गली मेरी माँ चुनरी गोते में...÷ को यादगार बनाया। यह गीत हिजड़ों के माध्यम से समलैंगिकता और पारंपरिक पितृसत्ता पर प्रहार करता है। बोल ÷अम्मा तेरे मुन्ने की गजब है बात...÷ लालन-पालन में पुरुष की भूमिका को चुनौती देते हैं, जो उस दौर में एक साहसिक विषय था । 1950-80 के दशक के स्वर्ण युग में कॉमेडियन्स ने व्यंग्य को नई ऊँचाइयाँ दीं। जॉनी वॉकर की विशिष्ट अभिव्यक्ति, मेहमूद का स्लैपस्टिक हास्य और किशोर कुमार का संगीत के साथ व्यंग्य का संयोजन , सभी ने गीतों को सामाजिक टिप्पणी का माध्यम बनाया। फिल्म हाफ टिकट (1962) का गीत ÷झूम झूम कव्वा भी ढोलक बजाये...÷ या गुमनाम (1965) का ÷हम काले हैं तो क्या हुआ दिलवाले हैं...÷ जैसे गीतों ने रंगभेद और वर्ग संघर्ष को हल्के अंदाज में प्रस्तुत किया था । साहित्य और फिल्मी गीतों के बीच का सामंजस्य भी रोचक रहा है। गीतकारों ने साहित्यिक रचनाओं को फिल्मों में लोकप्रिय बनाया। गोपाल दास %नीरज% ने मेरा नाम जोकर (1970) के गीत ÷ऐ भाई ज़रा देख के चलो...÷ को अपनी पुरानी कविता ÷राजपथ÷ से अनुकूलित किया था, जो मानवीय अहंकार पर व्यंग्य था । इसी प्रकार, रघुवीर सहाय की कविता ÷बरसे घन सारी रात...÷ को फिल्म तरंग (1984) में लिया गया , जो साहित्य और सिनेमा के बीच सेतु बना । व्यंग्य के इन गीतों की प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है। ÷पैसा बोलता है...÷ जैसे गीत आज के भौतिकवादी युग में और भी सटीक लगते हैं। ये गीत सामाजिक विडंबनाओं को उजागर करने के साथ-साथ श्रोताओं को हँसाते-गुदगुदाते हुए विचार करने को प्रेरित करते हैं, जो हिंदी सिनेमा की सांस्कृतिक धरोहर का अमर हिस्सा हैं।

## राशिफल

**मेष**
आज आप पिता का कोई जरूरी काम पूरा करेंगे। आपके पिता को आप पर गर्व होगा। छात्रों के लिये दिन ठीक रहेगा। आप किसी नए कोर्स के बारे में सोच-विचार कर सकते हैं। बड़े भाई-बहनों से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। नौकरी कर रहे लोगों को आज काम से राहत मिलेगी। आप किसी पार्क में घूमने जा सकते हैं। होटल या रेस्टोरेंट का बिजनेस कर रहे लोगों के लिये दिन अच्छा रहेगा। आपको कमाई में वृद्धि होगी।

**वृषभ**
घरवालों के सहयोग से आप हर चीज़ को अच्छे से संभाल लेंगे। आपके ऊपर नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं। आप घर में किसी कार्यक्रम की तैयारी करवा सकते हैं। आस-पड़ोस के लोग आपको देखकर खुश होंगे। कोई जानकार व्यक्ति आपसे अपने बच्चों के करियर के लिये सलाह ले सकता है। आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। स्वास्थ्य की दृष्टि से आप ऊर्जावान बने रहेंगे। आपका दिन अच्छा रहेगा। अपने जीवनसाथी को पूरा समय देंगे। आज के दिन चने से बने सत्तू का दान करें, आज आप हर काम को अच्छे से पूरा करेंगे।

**मिथुन**
आज आपका दिन रोज की अपेक्षा बेहतर हो सकता है। आप किसी धार्मिक कार्य में रुचि ले सकते हैं। ऑफिस का कोई व्यक्ति आपके घर पर आ सकता है। उनके साथ आप कुछ अच्छी बातें शेयर कर सकते हैं। बच्चे किसी काम में आपकी मदद ले सकते हैं। आप बच्चों का पूरा सहयोग करेंगे। बूटिक का काम कर रही महिलाओं के लिये दिन अच्छा रहेगा। किसी कस्टमर से आपके पारिवारिक संबंध जुड़ सकते हैं। आज के दिन आपको घर पर छोटा-सा हवन कराना चाहिए, इससे आपका दिन बेहतर होगा।

**कर्क**
आपको अपनी कार्यकुशलता में बढ़ोतरी करने की जरूरत है। आज आप किसी ओपन मार्केट में शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। आपको अपनी आमदनी को ध्यान में रखकर खर्चा करना चाहिए। करियर को लेकर आप कुछ परेशान हो सकते हैं। नये कोर्स में एडमिशन के लिये आपको ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आपको थोड़ा चिड़चिड़ापन भी महसूस हो सकता है। आपको समय-समय पर पानी पीते रहना चाहिए, इससे आपको डिहाइड्रेशन की परेशानी नहीं होगी।

**सिंह**
आज बच्चों के किसी काम में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। आपका दिन अच्छा बना रहेगा। काम के मामले में आपको अनुभवी लोगों से सम्पर्क बढ़ाने की जरूरत है। आपको पूरी मेहनत के साथ आगे बढ़ना चाहिए, इससे आपको काम में सफलता मिलेगी। किसी की कही-सुनी बातों पर विश्वास करने से आपको बचना चाहिए। सेहत के मामले में आपको थोड़ा ध्यान रखना चाहिए। जीवन में प्यार बना रहेगा। मन्दिर में चने की दाल दान करें, आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा।

**कन्या**
अगर आप किसी से अपने दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन आपके लिये बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आप अपने काम में सफल जरूर होंगे। जो लोग शादीशुदा हैं, वो आज कहीं घूमने जा सकते हैं। आपका समय बहुत अच्छा बीतेगा। फर्नीचर का काम करने वाले लोगों का फायदा होगा। आपको कोई बड़ा काम मिल सकता है। पार्ट टाइम जॉब कर रहे छात्रों की नौकरी पक्की हो सकती है। आप किसी कम्पनी में फुल टाइम नौकरी के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

**तुला**
आज के दिन आपको अपने काम में बड़ी ही सतर्कता बरतनी होगी। बिजनेस में किसी भी तरह के लेन-देन से आपको बचना चाहिए। आपको बिना वजह नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। अगर आप किसी से जरूरी मीटिंग के लिये जा रहे हैं, तो आपको अपने पहनावे पर ध्यान देने की जरूरत है। कोई आपकी पीठ पीछे बुराई कर सकता है। अच्छी सेहत के लिये आपको रुटीन एक्सरसाइज करनी चाहिए। साथ ही अपने खाने में विटामिन्स का ध्यान रखना चाहिए। आज के दिन आपको जौ का दान करना चाहिए, आप किसी भी तरह के नुकसान से बचे रहेंगे।

**वृश्चिक**
आज आप अपने जीवनसाथी से बिजनेस की कोई बात शेयर कर सकते हैं। जीवनसाथी से काम को लेकर आपको कोई अच्छी सलाह भी मिल सकती है। केटरिंग का काम कर रहे लोगों के लिये दिन अच्छा रहेगा। बच्चे आज किसी स्पोर्ट्स एक्टिविटी में भाग ले सकते हैं। घर पर खाली बैठे लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। कुछ दिनों से आंख की समस्या से परेशान चल रहे हैं, तो आज आपको काफी राहत मिलेगी।

**धनु**
आज आप कोई नया बिजनेस शुरू करने के बारे में सोच सकते हैं। आपको घर के बड़ों से पूरा सपोर्ट मिलेगा। आर्थिक रूप से पिता आपकी मदद करेंगे। आज आप बच्चों को कहीं घूमाने ले जा सकते हैं। परिवार में खुशहाली और तालमेल बना रहेगा। अगर आपकी संतान विवाह के लायक है, तो उनके लिये कोई अच्छा रिश्ता आ सकता है। सेहत के लिहाज से आप फिट रहेंगे। ऑफिस में अपना काम अच्छे से पूरा करेंगे। शाम को आप परिवार के साथ किसी फंक्शन में जा सकते हैं। मन्दिर में मिट्टी का बर्तन दान करें, आपको सबका सपोर्ट मिलेगा।

**मकर**
सरकारी संस्थान से जुड़े लोगों का दिन अच्छा रहेगा, जबकि प्राइवेट काम करने वाले लोगों को कुछ परेशानी महसूस हो सकती है। आज आपको ऑफिस में एक्सट्रा काम करना पड़ सकता है। आप बच्चों को उचित समय नहीं दे पायेंगे। आपको कमर दर्द की समस्या हो सकती है। स्टूडेंट्स के लिये दिन ठीक-ठाक रहेगा। पार्टनर आपका कुछ खर्चा करवा सकते हैं। करीबी लोगों की राय मानना आपके लिये फायदेमंद होगा। आज के दिन मन्दिर में पुष्प चढ़ाएं, आपकी परेशानी कम होगी।

**कुंभ**
जीवनसाथी के साथ आप किसी ट्रिप की प्लानिंग कर सकते हैं। आप उन्हें कोई वाहन गिफ्ट कर सकते हैं। आपके दिन में ताजगी बनी रहेगी। आप कुछ अच्छे काम में अपना सहयोग दे सकते हैं। इससे समाज में आपका नाम होगा। आज सोसाइटी में किसी काम के लिये आपको अपॉइन्ट किया जा सकता है। माता आपसे किसी काम को लेकर सलाह ले सकती है। आपकी हेल्थ अच्छी रहेगी। बिजनेस कर रहे लोगों को कोई बड़ी सफलता मिलेगी। आज के दिन पानी में गंगाजल डालकर नहाएं, आपको ताजगी महसूस होगी।

**मीन**
आज किसी प्रॉपर्टी डीलर से आपकी मुलाकात हो सकती है। आप किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने के बारे में सोच सकते हैं। दोस्त की मदद से आपको किसी अच्छी कम्पनी में नौकरी मिल सकती है। आप लवमेट के साथ कहीं मूवी देखने जा सकते हैं। आप घर की सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी कर सकते हैं। आपको अपने घरवालों से पूरा सहयोग मिलेगा। एजुकेशन के मामले में दिन अच्छा रहेगा। करियर को लेकर कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। अपने ईष्ट देव को प्रणाम करें, आपका दिन अच्छा रहेगा।

## उम्मीद - एक दीप, एक दुआ, एक दिशा

(डॉ फ़ौज़िया नसीम शाद-विभूति फीचर्स)



उम्मीद-एक छोटा-सा लफ़्ज़, लेकिन इसका असर हमारी पूरी ज़िंदगी पर छाया रहता है। यह वह कोमल किरण है, जो अंधेरे से भरे जीवन में नई सुबह की तरह रोशनी बिखेरती है। यह सिर्फ़ सोच नहीं, बल्कि हमारी आत्मा की सबसे बड़ी ताक़त है। जब जीवन में हर तरफ़ निराशा, हार और मायूसी हो, तब उम्मीद ही वो चिंगारी होती है जो हमें फिर से जीने की वजह देती है। वो लोग जो कठिन से कठिन हालात में भी मुस्कुराते हैं, दरअसल वे उम्मीद की चादर में लिपटे हुए होते हैं।

**उम्मीद की ताक़त**

उम्मीद कोई जादू नहीं, लेकिन यह जादू जैसा असर रखती है। यह हमारे अंदर छुपी काबिलियत को बाहर निकालती है, हमारे भीतर के डर को हिम्मत में बदलती है, और असंभव को संभव करने की प्रेरणा देती है। जब बच्चे पहले क़दम चलना सीखते हैं, जब बीमार मरीज़ दवाओं के साथ-साथ दुआओं से भी जीने की चाह रखते हैं, जब कोई ग़रीब मेहनत करके अपने बच्चों के भविष्य के लिए सपने देखता है-तो वह सब उम्मीद की ही मिसालें हैं।

**उम्मीद: अपने रब से, खुद से**

असली उम्मीद वो होती है जो हम अपने रब और खुद से रखते हैं। दुनिया के लोग हमारी उम्मीदों को समझें या नहीं, लेकिन हमारा रब हमेशा हमारी दुआओं को सुनता है। जब भी किसी ने सच्चे दिल से अपने रब से माँगा है, उम्मीद का दिया कभी बुझा नहीं।

**खुद से उम्मीद रखना भी ज़रूरी है**

क्योंकि जब आप अपने ऊपर भरोसा रखते हैं, तभी दुनिया भी आप पर यक़ीन करती है। स्वावलंबी उम्मीदें ही सबसे मज़बूत होती हैं।

**दूसरों से उम्मीद: सावधानी जरूरी**

हम अक्सर दूसरों से उम्मीद रखते हैं- प्यार की, वफ़ा की, समझदारी की, साथ की। लेकिन हर कोई आपकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता। जब कोई अपना आपकी उम्मीद तोड़ता है, तो सिर्फ़ दिल नहीं टूटता, बल्कि यक़ीन भी बिखर जाता है। इसलिए दूसरों से उम्मीद रखने से पहले देखना चाहिए कि क्या वो व्यक्ति आपकी उम्मीद का बोझ उठा सकता है या नहीं। वरना बेवजह की उम्मीदें आपको दुख ही देंगी। अंधी उम्मीदें अक्सर अंधे रास्तों की ओर ले जाती हैं।

**टूटती उम्मीदें÷एक नया पाठ**

उम्मीद टूटना एक गहरा दुख है। यह ऐसा दर्द है जिसे कोई दवा नहीं भर सकती, सिर्फ़ वक़्त और नई उम्मीदें ही इसे ठीक करती हैं। लेकिन जब भी एक उम्मीद टूटती है, तो उसके टूटने की आवाज़ हमारे अंदर एक नया सबक छोड़ जाती है-सहनशक्ति का, आत्मबल का, और नयी शुरुआत का। कई बार हम सोचते हैं कि अब कुछ नहीं बचा। लेकिन यहीं से एक नयी उम्मीद जन्म लेती है-जो कहती है÷

**÷एक दिन सब ठीक हो जाएगा।÷**

यही विश्वास हमें दोबारा हिम्मत देता है।

उम्मीद - एक दीप, एक दुआ, एक दिशा

उम्मीद किसी दिए की तरह होती है, जो तूफ़ानों में भी टिमटिमाती रहती है। यह दुआ की तरह होती है, जो अल्फ़ाज़ में नहीं, बल्कि दिल की गहराई में पलती है। यह दिशा की तरह होती है, जो भटकते सफ़र को मंज़िल की ओर मोड़ देती है। जो लोग उम्मीदों के सहारे ज़िंदगी जीते हैं, वे हार कर भी कभी हार नहीं मानते। उनकी ज़िंदगी संघर्षों से भरी हो सकती है, लेकिन वो अंदर से हमेशा रोशन रहते हैं।

**उम्मीद, ज़िंदगी की पहली और आख़िरी ज़रूरत**

यह सांसों में छुपी हुई वह ऊर्जा है जो हमें रोज़ जीने का कारण देती है। इसलिए हमें अपनी उम्मीद को कभी बुझने नहीं देना चाहिए। दूसरों की उम्मीदों को भी कभी तोड़ना नहीं चाहिए क्योंकि शायद किसी की उम्मीद आप से ही जुड़ी हो ।

आइए, हम सभी यह प्रण लें कि-

हम खुद से उम्मीद रखना नहीं छोड़ेंगे।

हम दूसरों की उम्मीदों का सम्मान करेंगे।

और हम हर हाल में अपने रब पर भरोसा रखेंगे।

क्योंकि जब तक उम्मीद ज़िंदा है, तब तक हम भी ज़िंदा हैं।

## बनी होप कैच अवैध करार

मनोज चतुर्वेदी

पिछले साल टी-20 विश्व कप के फाइनल में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने डेविड मिलर का कैच पकड़कर पांसा पलट दिया था। इस कैच को यादगार कैचों में शुमार किया जाता है। पर रोमांच पैदा करने वाले इस तरह के कैच अब देखने को नहीं मिलेंगे। बनी होप कहलाने वाले इन कैचों को आईसीसी के नियम बनाने वाली संस्था मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने अवैध करार दे दिया है। इस तरह के कैचों के लिए अब नया नियम बना दिया है। एमसीसी द्वारा बनाए नए नियम के हिसाब से कोई खिलाड़ी बाउंड्री लाइन पर मौजूद फील्डर यदि कैच पकड़ने के लिए उछलता है और वह गेंद पकढ़ते समय समझता है कि वह सीमा रेखा के बाहर जा रहा है तो वह गेंद को उछालकर सीमा रेखा के अंदर पकड़कर ही कैच पूरा कर सकता है। अगर वह गेंद सीमा रेखा के बाहर उछालकर और फिर बाहर जाकर हवा में रहते हुए, फिर से गेंद को अंदर उछालकर पड़ता है तो इस कैच को मान्य नहीं माना जाएगा। इसके अलावा खिलाड़ी ने बाउंड्री लाइन से बाहर जाकर हवा में रखकर गेंद उछाली तो खुद उसे ही मैदान में अंदर आकर पकड़ना होगा। अगर कोई दूसरा फील्डर इस मैच को पकड़ता है तो इसे अमान्य कर दिया जाएगा। क्रिकेट नियमों बदलाव एक अनवरत प्रक्रिया है। खेल को और रुचिकर बनाने के उद्देश्य से नियमों में बदलाव हमेशा ही होते रहे हैं। इन नियमों में बदलाव का उद्देश्य एक तो बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों में संतुलन बनाए रखना होता है। पिछले कुछ सालों में बनी होप कैचों ने क्रिकेट में नया रोमांच तो पैदा किया है। पर कई बार दर्शकों को लगता है कि यह बल्लेबाजों के प्रति अन्याय है और जिस शॉट पर उसे छक्का मिलना चाहिए था, उस पर उसे आउट दे दिया गया। 2023 की बिग बैश लीग में माइकल नेसर द्वारा पकड़े एक कैच पर सवाल उठे। इसी तरह बिग बैश लीग में ही 2020 में मैथ्यूवेड के कैच को लेकर भी सवाल उठे तो इस पर आईसीसी ने कैच के इस नियम की एमसीसी से समीक्षा करने को कहा था। एमसीसी ने समीक्षा के दौरान पाया कि यदि गेंद को उछालने वाला ही मैदान में अंदर आकर कैच पकड़े तब ही कैच मान्य होगा। मैथ्यू वेड के कैच मामले में मैट रैनशॉ बाहर से अंदर गेंद उछालने के बाद खुद बाहर ही गिर गए थे। अब नये नियम में सिर्फ एक बार ही गेंद को हवा में उछाला जा सकेगा। यह नियम श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच 17 जून से गॉल में खेले जाने वाले टेस्ट से लागू होगा।

असल में इस टेस्ट से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की नई साइकिल शुरू हो रही है। एमसीसी अधिकृत तौर पर इस नियम को अक्टूबर 2026 से लागू करेगा। आईसीसी क्रिकेट को लोकप्रिय बनाने के लिए नियमों में बदलाव करता रहता है। इस सोच का ही नतीजा है कि टेस्ट मैचों से शुरुआत के बाद यह वनडे और टी-20 प्रारूप तक आ पहुंचा है।

# अब केवल ई ऑफिस से भेजी फाइले ही होंगी स्वीकार : कमिश्नर

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों के शेष पेंशन प्रकरण सात दिवस में दर्ज करें : कमिश्नर



**रीवा,कासं.।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी संभागीय अधिकारी और जिलाधिकारी ई ऑफिस से ही फाइलों का परिचालन करें। कमिश्नर कार्यालय में भी अब केवल ई ऑफिस से भेजी गई फाइलें ही स्वीकार होंगी। शेष बचे संभागीय कार्यालय सात दिवस में ऑनबोर्ड होकर ई फाइल भेजना सुनिश्चित करें। कार्यालय में भी ई ऑफिस के माध्यम से ही फाइल वर्क करें। संभागीय अधिकारी अधीनस्थ कार्यालयों में भी ई फाइल व्यवस्था सात दिवस में सुनिश्चित करें। किसी भी तरह की कठिनाई होने पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी से संपर्क करके कठिनाई दूर कराएं। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि जून माह तक संभाग में सेवानिवृत्त हुए 189 शासकीय सेवकों में से केवल 94 के पेंशन प्रकरण पेंशन कार्यालय में दर्ज हुए हैं। संबंधित अधिकारी सात दिवस में शेष पेंशन प्रकरण अनिवार्य रूप से पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत कर दें। सेवानिवृत्त अधिकारियों के पीपीओ समय पर जारी कराएं जिससे पेंशन के लिए सेवानिवृत्त कर्मियों को भटकना न पड़े। पेंशन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कमिश्नर ने कहा कि सभी नगर निगम तथा अन्य नगरीय निकाय शहरी क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कों के सुधार और बाढ़ तथा अतिवृष्टि से निपटने के प्रबंधों पर विशेष ध्यान दें। त्योंथर क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांव के निवासियों को सुरक्षित रखने के लिए स्थानों का चिन्हांकन कर लें। यहाँ बनाए जाने वाले राहत शिविरों में पर्याप्त अनाज, पेयजल, दवाओं तथा अन्य सुरक्षा के उपकरणों की व्यवस्था कर लें। आपदा नियंत्रण के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित रखें। व्हाट्सएप ग्रुप में बाढ़ तथा अतिवृष्टि से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाएं लगातार दर्ज कराते रहें। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी विकासखण्डों में एक पेड़ माँ के नाम अभियान में एक-एक लाख पौधे रोपित किए जाएंगे। वृक्षारोपण के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में तत्काल तैयारी शुरू कर दें। अभियान में लक्ष्य के अनुसार पौधे रोपित कराएं। रोपित पौधों की सुरक्षा के भी उचित प्रबंध करें। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण को जन आंदोलन का रूप दें। कमिश्नर ने कहा कि सड़कों से जुड़े अधिकारी हाईवे तथा अन्य प्रमुख मार्गों से निराश्रित गौवंश को हटाकर आसपास की गौशालाओं में सुरक्षित कराएं। संयुक्त संचालक पशुपालन निराश्रित गौवंश को सुरक्षित करने के लिए विशेष प्रयास करें साथ ही विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराएं। नेशलन हाईवे, सड़क विकास निगम तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी अधिक वर्षा में जलमग्न होने वाले पुलों में साइन बोर्ड तथा बैरियर तत्काल लगाएं। संयुक्त संचालक कृषि खाद, बीज और कीटनाशकों के नमूने लेकर उनकी जाँच कराएं। नमूने अमानक पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करें। सहकारी समितियों के माध्यम से खाद का किसानों में वितरण कराएं। बैठक में कमिश्नर ने प्राकृतिक खेती, सड़कों के सुधार तथा खाद्यान्न वितरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त स्वदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त श्रेयस गोखले, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, प्रभारी मुख्य अभियंता ऊर्जा प्रमा पाण्डेय, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास शशि श्याम उइके तथा संभागीय उपस्थित रहीं।

# जनसुनवाई में ग्रामीण जनों ने पुरैना गांव में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की मांग की

## जनसुनवाई में 87 सुने गये आवेदन



**रीवा,कासं.।** मंगलवार में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट में 87 आवेदकों की समस्यायें सुनी गई। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी एवं संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

रायपुर कर्चुलियान जनपद अन्तर्गत गढ़वा के ग्रामवासियों ने गांव में सड़क, नाली, नलजल योजना, सहित जर्जर पंचायत भवन को बनाये जाने तथा पंचायत भवन के नियमित संचालन का आवेदन दिया जिसे सीईओ को आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार गढ़वा ग्रामवासियों के सड़क में मुरमीकरण कराये जाने का आवेदन को सीईओ जनपद रीवा को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये। संतोष कुमार पाण्डेय परिहारिन पुर्वा के नकल दिलाने, संजय कुमार साहू देवरा फरेंदा के कम्प्यूटरीकृत नक्शे में त्रुटि सुधार के आवेदन को संबंधित एसडीएम को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। चन्द्रवती निवासी डेल्ही के कब्जे की भूमि से अतिक्रमण हटाने के आवेदन को एसडीएम सिरमौर को तथा दानी निवासी राजकुमार के खसरा सुधार के आवेदन को एसडीएम गुढ़ को कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई में विनोद कुमार लोही निवासी ने घर के सामने से पानी निकासी का आवेदन दिया जिसे जनपद रीवा सीईओ को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा कलेक्टर ने बाल सम्प्रेक्षण गृह का किया औचक निरीक्षण



**रीवा,कासं.।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बाल सम्प्रेक्षण गृह का औचक निरीक्षण किया तथा व्यवस्थायें दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा तथा साफ-सफाई की व्यवस्था पुख्ता रखने के निर्देश अधीक्षक को दिये गये। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व कलेक्टर ने अपचारी बच्चों के कक्षों का निरीक्षण किया तथा वहां प्रकाश व हवा की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिये। उन्होंने किचेन में बनाये जा रहे खाने व स्टोर में उपलब्ध सामग्री का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी को बुलाकर खाद्यान्न सामग्री के सेम्पलिंग लेने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपचारी बच्चों से मिलने वाले भोजन एवं नाश्ते के विषय में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान बाल सम्प्रेक्षण गृह में बच्चों के लिये प्रशिक्षण की व्यवस्था व इनडोर खेल की व्यवस्थाओं के लिये निर्देशित किया गया। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को दिये गये सभी बिन्दुओं की जांचकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा भवन निर्माण के लिये डीपीआर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने शिवानी पाण्डेय व सचिन तिवारी को अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इस दौरान सचिव जिला विधिक प्राधिकरण समीर मिश्रा, श्रीमती विश्वेश्वरी मिश्रा, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी नयन सिंह, सहायक संचालक आशीष द्विवेदी उपस्थित रहे।

## शौर्य दल का प्रशिक्षण सह कार्यशाला संपन्न

**रीवा,कासं.।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण के प्रयासों के क्रम में शौर्य दल की कार्यशाला का आयोजन किया गया। होटल स्टार में आयोजित कार्यशाला में जिला विधिक सेवा अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने महिलाओं की सुरक्षा के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यशाला में लॉ ऑफ़िसर अनीश पाण्डेय ने उपस्थितों को बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास आशीष द्विवेदी ने जेंडर संवेदीकरण विषय के संबंध में विस्तार से जानाकरी दी। मनु सिंह ने किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता एवं एनीमिया से बचने के उपाय के बारे में अवगत कराया।

# सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता श्री त्रिपाठी को दी गई भावभीनी विदाई



**रीवा,कासं.।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित समारोह में कमिश्नर बीएस जामोद तथा अन्य अधिकारियों ने सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता ऊर्जा आईके त्रिपाठी को भावभीनी विदाई दी। श्री त्रिपाठी 37 वर्ष का सेवाकाल पूरा करके 30 जून को सेवानिवृत्त हुए हैं। श्री त्रिपाठी को शॉल, श्रीफल, पुष्पहार एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमिश्नर ने कहा कि श्री त्रिपाठी ने अपनी प्रशासनिक क्षमता और उत्कृष्ट तकनीकी ज्ञान से सफलता के नए आयाम स्थापित किए। रीवा जैसे चुनौतीपूर्ण संभाग में बिजली संबंधी शिकायतों का तत्परता से निराकरण कराकर कई बार सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग में विभाग को प्रथम स्थान दिलाया। वरिष्ठ से लेकर मैदानी कर्मचारियों तकण सतत संवाद से विभाग से जुड़ी शिकायतों को दूर किया। जिसके कारण संभाग में कभी भी कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। संभागीय अधिकारियों के दल में भी शामिल होकर श्री त्रिपाठी ने शासन के महत्वपूर्ण अभियानों की मानीटरिंग में उल्लेखनीय कार्य किया। इस अवसर सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता ने कहा कि मैंने निजी क्षेत्र से अपनी सेवाएं शुरू की और 37 वर्ष शासकीय सेवा में रहा। निजी क्षेत्र के कई अच्छे गुणों को शासकीय क्षेत्र में शामिल करने का प्रयास किया। बिजली विभाग में शिकायतें बहुत अधिक होती हैं। फील्ड में रहने वाले छोटे-छोटे कर्मचारी से जीवंत संपर्क रखकर वस्तुस्थिति के अनुसार कार्यवाहियाँ की जिससे शिकायतों का समय पर समाधान हो सका। उन्होंने कहा कि कमिश्नर कार्यालय में संभागीय अधिकारियों की टीम बनाने तथा सेवानिवृत्ति और स्थानांतरण पर समारोहपूर्वक विदाई की कमिश्नर श्री जामोद सर की पहल शासकीय कार्यालय के वातावरण को पारिवारिक बना देती है। कार्यक्रम में अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह, प्रभारी मुख्य अभियंता श्रीमती प्रमा पाण्डेय तथा संभागीय जनसंपर्क अधिकारी उमेश तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में संयुक्त आयुक्त स्वदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त श्रेयस गोखले, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे तथा संभागीय उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### ब्लैक बॉक्स ने वित्त वर्ष 2028-29 तक राजस्व दोगुना कर दो अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा

**मुंबई ,ए.।** एस्सार ग्रुप की टेक्नोलॉजी शाखा ब्लैक बॉक्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2028-29 तक अपना राजस्व दोगुना कर दो अरब डॉलर तक करने का लक्ष्य रखा है। यह जानकारी जेएम फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज लिमिटेड की रिपोर्ट में सामने आई है। डेटा सेंटर और एंटरप्राइज नेटवर्किंग क्षेत्रों में बढ़ती मांग और मजबूत ऑर्डर बुक से कंपनी के यह लक्ष्य हासिल करने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी के नए ऑर्डर 21.8 करोड़ डॉलर तक पहुंच चुके हैं, जिसका बुक टू बिल अनुपात 1.22 है। वहीं, कुल ऑर्डर बुक 50.4 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया है, जो सालाना आधार पर सात प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। रिपोर्ट बताती है कि ब्लैक बॉक्स के पास 2.5 अरब डॉलर की संभावित डील पाइपलाइन में है, जो भविष्य में तेज विकास की स्पष्टता प्रदान करती है। खास बात यह है कि वैश्विक आईटी खर्च 2024 में 5.27 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जिससे कंपनी को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। ब्लैक बॉक्स का वर्टिकलाइज्ड सेल्स मॉडल इसके शीर्ष 300 वैश्विक ग्राहकों पर केंद्रित है, जिनमें मेटा, इंटेल, डिजनी और बैंक ऑफ अमेरिका जैसी फॉर्च्यून 500 कंपनियां शामिल हैं। कंपनी इन अकाउंट्स से वॉलेट शेयर बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रही है। कंपनी का डेटा सेंटर सेगमेंट अब कुल राजस्व में 17.5 प्रतिशत का योगदान दे रहा है, जो वित्त वर्ष 29 तक बढ़कर 25 प्रतिशत हो सकता है। इसका मतलब है कि इस क्षेत्र में कंपनी 42 प्रतिशत की कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट से आगे बढ़ सकती है। भारत में डेटा सेंटर की क्षमता अगले पांच वर्षों में 25 प्रतिशत कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट से बढ़ने की संभावना है, जो ब्लैक बॉक्स के लिए एक प्रमुख अवसर बन गया है। भारत ब्लैक बॉक्स की रणनीतिक योजनाओं में एक महत्वपूर्ण बाजार है। कंपनी अगले तीन-चार वर्षों में यहां अपना राजस्व दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। देश में क्लाउड, एआई और 5जी सेवाओं की बढ़ती मांग के चलते डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में भारी निवेश हो रहा है। साल 2028 तक देश की डेटा सेंटर क्षमता तीन गुना बढ़कर 2.8 गीगावॉट तक पहुंच सकती है। जेएम फाइनेंशियल ने ब्लैक बॉक्स लिमिटेड को 'बाय' रेटिंग दी है और इसका लक्ष्य मूल्य 670 रुपए तय किया है, जो 33 प्रतिशत की संभावित तेजी को दर्शाता है।

### हरे निशान में खुला भारतीय शेयर बाजार, निफ्टी 25,500 स्तर से ऊपर

**मुंबई ,ए. ।** सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच मंगलवार को भारतीय बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान में खुले। शुरुआती कारोबार में ऑटो और आईटी सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सुबह करीब 9.26 बजे, सेंसेक्स 188.66 अंक या 0.23 प्रतिशत बढ़कर 83,795.12 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 54.80 अंक या 0.21 प्रतिशत बढ़कर 25,571.85 पर था। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी बाजार के नए रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के साथ, ग्लोबल इक्विटी बाजार का मूड सकारात्मक है और पश्चिम एशियाई भू-राजनीति अब वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरा नहीं है। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. वीके विजयकुमार ने कहा, टैरिफ के मोर्चे पर विकास से बाजार प्रभावित होने की संभावना है। भारत-अमेरिका व्यापार सौदा सकारात्मक होगा और अगर ऐसा नहीं होता है, तो बाजार पर असर पड़ने की संभावना है। शुरुआती कारोबार में निफ्टी बैंक 51.95 अंक या 0.09 प्रतिशत बढ़कर 57,364.70 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 146.45 अंक या 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,887.65 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 52.50 अंक या 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,127.60 पर था। विशेषज्ञों के अनुसार, निफ्टी का शॉर्ट-टर्म ट्रेंड सकारात्मक बना हुआ है, क्योंकि यह इंडेक्स अभी भी अपने निकटतम मूविंग एवरेज सपोर्ट, 5-डे ईएमए से ऊपर स्थित है।

# भारतीय टीम में होंगे 3 बड़े बदलाव, नीतीश और सुंदर की होगी एंट्री



**नई दिल्ली,ए.।** भारतीय क्रिकेट टीम 2 जुलाई से बर्मिंघम के एजबेस्टन में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के साथ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के तहत पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच खेलने वाली हैं. इस मैच में टीम इंडिया की प्लेइंग-11 क्या होने वाली हैं. इसको लेकर भारतीय क्रिकेट फैंस के मन में सवाल उठ रहे हैं. आज हम आपको इस बारे में ही बताने वाले हैं. इंडियन क्रिकेट टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोशेट ने 30 जून को मीडिया को संबोधित करते हुए प्लेइंग-11 को लेकर इशारों-इशारों में कई बड़े खुलासे किए हैं. भारतीय कोच ने टीम में 3 बदलावों के संकेत दिए हैं. उन्होंने कहा, बुमराह खेलने के लिए तैयार हैं. अगर हमें लगता है कि इस टेस्ट में उसे खिलाना फायदेमंद होगा, तो हम आखिरी समय में ही यह फैसला लेंगे. टेन डोशेट ने आगे कहा, यह सिर्फ इतना है कि हम किन दो को खिलाते हैं. तीनों स्पिनर बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं. वाशिंगटन सुंदर बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं. तो यह सिर्फ इतना है कि हम किस संयोजन के साथ खेलते हैं? ऑलराउंडर-स्पिनर या आउट-एंड-आउट स्पिनर? और जाहिर है कि आपको फिर से गेंदबाजी ऑलराउंडर को खिलाना होगा लेकिन मुझे पूरा यकीन है कि इस टेस्ट में दो स्पिनर खेलेंगे. टेन डोशेट ने कहा, वो (रेड्डी) एक गेम पाने के बहुत करीब है. जाहिर है वह ऑस्ट्रेलिया में शानदार था टीम में आया और जिस तरह से खेला. हमें लगा कि संतुलन के लिए आखिरी गेम के लिए हम गेंदबाजी ऑलराउंडर के साथ जाना चाहते थे. जिसके बारे में हमें लगा कि शार्दुल गेंदबाजी के मोर्चे पर थोड़ा आगे था. हम इस पहेली को फिर से सुलझाने के तरीकों पर विचार कर रहे हैं ताकि हम एक बैटिंग ऑलराउंडर को शामिल कर सकें और जाहिर है कि नीतीश इस समय हमारे बेहतरीन बैटिंग ऑलराउंडर हैं. इसलिए मैं कहूंगा कि उनके पास यह टेस्ट खेलने का बहुत अच्छा मौका है। यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), करुण नायर, रविंद्र जडेजा/नीतीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर/ कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा,अर्शदीप सिंह

## इंग्लैंड में बने 820 रन, कई बल्लेबाजों ने जड़े शतक, टूट गया 125 साल पुराना रिकॉर्ड

**नईदिल्ली,ए.।** इंग्लैंड के द ओवल ग्राउंड पर उस वक्त रनों की बारिश होने लगी जब काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन वन 2025 में सरे और डरहम की टीम आमने सामने थीं।

सरे की टीम टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने के लिए आए और 9 विकेट के नुकसान पर 161.3 ओवर में 820 रनों का विशाल स्कोर बना दिया. इसके साथ ही सरे ने अपना ही 125 साल पुराना क्लब रिकॉर्ड को भी तोड़ा दिया है. जो 1899 में समरसेट के खिलाफ इसी ग्राउंड पर 811 रनों का था. यह क्लब के इतिहास का चौथा जबकि सरे का सबसे बड़ा टीम स्कोर है. पहले नंबर पर यॉर्कशायर का नाम है, जिन्होंने 1896 में वारविकशायर के खिला एजबेस्टन में 887 रन बनाए थे, जबकि दूसरे नंबर पर लंकाशायर का नाम है, उन्होंने 1990 में सरे के खिलाफ द ओवल में 863 रन बना कर ये उपलब्धि हासिल की थी. तीसरे नंबर पर समरसेट (850), चौथे पर सरे (820) और पांचवें पर सरे (811) का नाम है।

मैच में चार खिलाड़ियों ने शतकीय पारी खेली, जिसमें सलामी बल्लेबाज डोम सिबली ने 475 गेंदों पर 305 रन बनाकर टीम की अगुवाई की. यह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सिबली का पहला तिहरा शतक था, जिसमें 29 चौके और दो छक्के शामिल थे. इसके अलावा डेन लॉरेंस ने 149 गेंदों पर 178 रन बनाए, जबकि सैम करन ने 124 गेंदों पर 108 रनों की पारी खेली. विल जैक्स ने भी 94 गेंदों पर 119 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और चार छक्के शामिल थे।

# डिजिटल इंडिया के 10 साल : एक डिजिटल डिवाइड वाले देश से डिजिटल विश्वगुरु बनने तक भारत की परिवर्तनकारी यात्रा

**नई दिल्ली ,ए. ।** एक दशक पहले तक जिसे डिजिटल असमानता और सीमित तकनीकी पहुंच के लिए जाना जाता था, भारत ने बीते 10 वर्षों में डिजिटल इंडिया अभियान के जरिए खुद को दुनिया की डिजिटल राजधानी के रूप में स्थापित कर लिया है। 1 जुलाई 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई इस महत्वाकांक्षी योजना ने आज देश के करोड़ों नागरिकों को न सिर्फ तकनीक से जोड़ा है, बल्कि शासन, अर्थव्यवस्था और समाज में पारदर्शिता और जवाबदेही की नई इबारत भी लिखी है। डिजिटल इंडिया अभियान के तहत आज 95 प्रतिशत से अधिक गांवों में इंटरनेट पहुंच चुका है। 2014 में जहां ग्रामीण टेलीफोन कनेक्शन 37.77 करोड़ थे, वहीं 2025 तक यह आंकड़ा बढ़कर 53.66 करोड़ हो गया है। इसके साथ ही, इंटरनेट यूजर्स की संख्या 2014 में 25 करोड़ से बढ़कर 2025 में 97 करोड़ तक पहुंच गई है। यानी 288 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारत अब अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी डिजिटल अर्थव्यवस्था बन गया है, जिससे यूके, जर्मनी और दक्षिण कोरिया जैसे विकसित देश भी पीछे छूट गए हैं। 2022-23 में डिजिटल अर्थव्यवस्था का राष्टीय आय में योगदान 11.74 प्रतिशत था, जो 2024-25 तक 13.42 प्रतिशत और 2029-30 तक 20 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। भारत की अपनी यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) आज यूएई, सिंगापुर, फ्रांस, भूटान, नेपाल, श्रीलंका और मॉरीशस जैसे देशों में उपयोग हो रही है। 2025 के मई महीने में यूपीआई से 25.14 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड ट्रांजैक्शन हुआ, जो एक मूक क्रांति की गवाही देता है। बिल गेट्स ने भारत की यूपीआई और आधार व्यवस्था को डिजिटल गवर्नेंस का स्वर्ण मानक बताया है। इसके साथ ही, डीबीटी के जरिए अब तक 44 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों तक पहुंचे हैं। इस व्यवस्था से सरकार को 3.48 लाख करोड़ रुपये की बचत हुई है, जिसमें से अकेले 1.85 लाख करोड़ की बचत खाद्य सब्सिडी से हुई है। इसके जरिए 5.87 करोड़ फर्जी राशन कार्ड और 4.23 करोड़ फर्जी एलपीजी कनेक्शन रद्द किए गए हैं।

# रद्द हो जाएगी भारत-बांग्लादेश सीरीज? सामने आई बड़ी वजह

## -रोहित-विराट के फैंस को लगा झटका

**नई दिल्ली,ए.।** भारतीय क्रिकेट टीम को अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज खेलनी थी. इस सीरीज के लिए भारत को बांग्लादेश जाना है. ऐसे में इस सीरीज पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं. क्योंकि अभी भी सरकार की ओर से बीसीसीआई को इस सीरीज के लिए मंजूरी नहीं मिली है।

क्रिकबज की रिपोर्ट की मानें तो बीसीसीआई अभी भी बांग्लादेश दौरे के लिए सरकार की मंजूरी का इंतजार कर रहा है. ऐसे में अभी के लिए इस सीरीज पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं. क्योंकि अगर सरकार भारतीय टीम को बांग्लादेश जाने की मंजूरी नहीं देता तो इस सीरीज पर खतरा मंडरा सकता है. इस समय दोनों देशों के राजनीतिक संबंध कुछ अच्छे नहीं हैं, जिसका असर इस सीरीज पर पड़ सकता है।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा, बीसीसीआई के साथ चर्चा चल रही है. ये चर्चा काफी सकारात्मक है. हम चर्चा कर रहे हैं कि सीरीज कैसे आयोजित कर सकते हैं. हम अभी अगर इस सीरीज की मेजबानी नहीं कर सकते हैं, तो इसे किसी अन्य संभावित समय पर आयोजित करेंगे।

भारतीय क्रिकेट टीम को बांग्लादेश के साथ 3 वनडे और 3 टी20 मैचों की सीरीज खेलनी है. इस सीरीज का पहला वनडे मैच 17 अगस्त जबकि अंतिम मैच 23 अगस्त को खेला जाने वाला था. इस सीरीज पर अभी भारत और बांग्लादेश के क्रिकेट बोर्ड क्लियर नहीं हैं. भारत और बांग्लादेश के बीच अंतिम वनडे सीरीज साल 2014 में खेली गई थी. इसके बाद से अब तक इन दोनों देशों के बीच कोई भी वनडे सीरीज नहीं खेली गई है।

# नवविवाहिता बेटी के अपहरण की साजिश का पर्दाफाश, ताई बनेगी आरोपी

## बेटी को उसका प्रेमी माँ की सहमति से भगा ले गया था, बदनामी से बचने के लिए रचा गया था योजना का तानाबाना



**शिवपुरी ब्यूरो।** शिवपुरी के माहौल में उस समय सनसनी का वातावरण व्याप्त हो गया जब यह खबर सामने आई मेडीकल कॉलेज से एक नवविवाहिता का काली कार में सवार पांच आरोपियों ने अपहरण कर लिया। इसके पश्चात शहर में तनाव फैल गया और नवविवाहिता के परिजन पुलिस के खिलाफ एक जुट हो गए और उन्होंने पुलिस मुर्दाबाद के नारे जमकर लगाए तथा बीच चौराहे पर चक्का जाम कर दिया। परिजनों के साथ पोहरी के कांग्रेस विधायक कैलाश कुशवाह भी हंगामे में शामिल हो गए और उन्होंने अल्टीमेटम दे दिया कि यदि पुलिस एक जुलाई मंगलवार को सुबह 9 बजे तक युवती को बरामद कर अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार नहीं करती तो वे शहर में चक्का जाम कर पुलिस के खिलाफ आंदोलन करेंगे, लेकिन इस मामले की हवा तब निकल गई जब दिनभर चली अफवाहों, चक्काजाम और पुलिस की खोजबीन के बाद रात में ये पता चला कि ये कोई अपहरण नहीं बल्कि एक सोची-समझी प्रेम कहानी का %प्लॉट' था, जिसे समाज में बदनामी से बचने के लिए परिजनों ने किडनैपिंग का नाम दे दिया। जिस युवती प्रीति परिहार के अपहरण का आरोप लगाया जा रहा था उसकी ताई मिथलेश परिहार ने खुद स्वीकार कर लिया कि उसने स्वयं अपहरण की साजिश की थी। घटना की शुरुआत सोमवार दोपहर चार बजे हुई, जब रामनगर की रहने वाली मिथलेश परिहार ने कोतवाली पहुंचकर बताया कि उसकी बेटी प्रीति परिहार उम्र 20 वर्ष का मेडिकल कॉलेज से लौटते समय अपहरण हो गया है। मिथलेश के मुताबिक, जब वे दोपहर डेढ़ बजे ऑटो में मेडिकल कॉलेज से निकलीं, तभी 500 मीटर दूर एक काली कार ने ऑटो को रोका। उसमें से 5 लोग बाहर निकले और मिथलेश को धक्का देकर नीचे गिरा दिया और बेटी प्रीति को जबरन गाड़ी में डालकर ले गए। उन्होंने ये भी कहा कि उन्हें कोई नशीली चीज सुंघाई गई, जिसके कारण वो विरोध नहीं कर पाई। प्रीति की मां का बचपन में ही निधन हो गया था। उसके पिता शराब के आदी थे। ऐसे हालात में उसकी ताई मिथलेश परिहार ने उसे अपनी बेटी की तरह पाला-पोसा और शादी करवाई। लेकिन जब बेटी ने बोला की वो अपने प्रेमी के बिना नहीं रह सकती और जहर खा लेगी तो मां ने ये साजिश रची। विदित रहे कि रामनगर निवासी 20 साल की प्रीति परिहार की दो महीने पहले 30 अप्रैल को बैराड़ में अनिकेत परिहार से शादी हुई। शादी के दो साल पहले से ही उसका प्रेम प्रसंग कानपुर निवासी अमन कश्यप के साथ चल रहा था। प्रेम विवाह समाज को मंजूर नहीं था, इसलिए पहले समाज के युवक से प्रीति की शादी कराई गई। इसके बाद योजना बनाई गई कि कुछ दिन बाद अमन के साथ भागने को अपहरण का रूप दिया जाएगा। मिथलेश ने अपने बेटे दीपक की मदद से ये साजिश रची। दीपक भी घटना के समय शिवपुरी में ही मौजूद था। कोतवाली टीआई कृपाल सिंह राठौड़ का कहना है कि यह पूरा मामला झूठे अपहरण की कहानी पर आधारित था। पुलिस प्रीति को बरामद कर जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करेगी।

**पोहरी विधायक ने पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप**

अपहरण की खबर मिलते ही नवविवाहिता के ससुराल और मायके पक्ष के लोग कोतवाली पहुंच गए और हंगामा करने लगे। उन्होंने हंगामे के बाद रात 9 बजे माधव चौक पर चक्काजाम कर दिया। इसी बीच पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह भी मौके पर पहुंचे और पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सुबह तक युवती नहीं मिली तो मंगलवार सुबह फिर से चक्काजाम किया जाएगा। ये बात उन्होंने फेसबुक पर पोस्ट की।

**सीसीटीवी खंगाले तो सामने आई सच्चाई**

शुरुआत में पुलिस को मिथलेश की बातों पर संदेह हुआ, क्योंकि पूछताछ में वो बार-बार बेहोश होने का नाटक कर रहीं थी। जब कोई ठोस सुराग नहीं मिला, तो पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया। मेडिकल कॉलेज से लेकर माधव चौक तक के फुटेज में प्रीति और मिथलेश को ऑटो में बैठकर आते, उतरते और फिर मिर्ची बाजार की ओर जाते हुए देखा गया। ये सब डेढ़ बजे के बाद की गतिविधियां थीं, जिससे पता चला कि अपहरण की कहानी झूठी थी। पुलिस ने मां मिथलेश को सीसीटीवी फुटेज दिखाए। इसके बाद उसने बताया कि ये पूरा मामला समाज में बदनामी से बचने के लिए रचा गया था। प्रीति अपने प्रेमी अमन कश्यप से शादी करना चाहती थी, जो कि कानपुर का निवासी है और तीन साल से शिवपुरी के रामनगर टोल प्लाजा पर काम कर रहा है। दोनों के बीच दो साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था।

**प्रेमी के साथ भागकर कानपुर पहुंची प्रीति**

पुलिस की जांच में सामने आया कि अमन कश्यप सोमवार दोपहर अपनी कार से शिवपुरी आया और प्रीति को लेकर सीधे कानपुर निकल गया। पुलिस ने भाई दीपक को अपनी बहन प्रीति परिहार को फोन लगाने कहा और उससे बाद की। जैसे ही सच्चाई सामने आई, कोतवाली पुलिस रात ढाई बजे कानपुर रवाना हो गई है।

# मेडिकल कॉलेज में मनाया गया नेशनल डॉक्टर्स डे, केक काटकर दी बधाई



**शिवपुरी ब्यूरो।** हर वर्ष एक जुलाई को हम भारत के सबसे सम्मानित चिकित्सकों और राजनेताओं में से एक डॉ विधान चंद्र राय के सम्मान में डॉक्टर्स डे मनाते हैं। इसी क्रम में आज श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, शिवपुरी में अधिष्ठाता डॉक्टर डी. परमहंस के मार्गदर्शन,चिकित्सालय अधीक्षक डॉक्टर आशुतोष चौऋषि के नेतृत्व में डॉक्टर्स डे धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान डॉक्टरों ने केक काटा और चिकित्सीय जीवन के दौरान प्राप्त किए गए अनुभव बांटे। इस दौरान बड़ी संख्या में शहर के ख्यातिलब्ध चिकित्सक मौजूद रहे। डॉक्टर्स डे की बधाई देते हुए अधिष्ठाता डॉक्टर डी. परमहंस ने कहा कि डॉक्टर वे होते हैं जिनके पास आप अपने सबसे कमजोर क्षणों में जाते हैं। जब आप बीमार होते हैं, दर्द में होते हैं, भयभीत होते हैं, या आपको यह पता नहीं चल पाता कि आपके शरीर के साथ क्या हो रहा है. वे आपको सुनते हैं, समस्या का निदान करते हैं, इलाज करते हैं और मार्गदर्शन करते हैं। वे अपनी चिंताओं के साथ-साथ आपकी चिंताओं का बोझ भी उठाते हैं। डॉक्टरों के लिए उनका जीवन मरीजों की सेवा और अपने परिवारों की देखभाल के बीच निरंतर संतुलन बनाये रखने का काम है- एक ऐसा संतुलन जो अक्सर उनके मरीजों के पक्ष में झुका रहता है। पर हम सब इस बारे में पर्याप्त बातें नहीं करते कि कैसे डॉक्टर हमारे पास मौजूद रहने के लिए अपने परिवार के समय में कटौती करते हैं। सच तो यह है कि कई डॉक्टर आपको एक शांत आह भरते हुए बताते होंगे कि वे कौन सी जन्मदिन की पार्टियों में, कौन से स्कूल कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाये। अपने बच्चे के पहले शब्द या कदम सुन-देख नहीं पाये, क्योंकि वे ड्यूटी पर थ कल्पना कीजिए, एक सर्जन आपातकालीन ऑपरेशन के लिए तैयार हो रहा है, जबकि उसका बच्चा घर पर केक काट रहा है. या एक बाल रोग विशेषज्ञ किसी और के बीमार बच्चे की देखरेख कर रहा है, जबकि उसका अपना बच्चा बुखार में तप रहा है। या आइसीयू में मौजूद एक डॉक्टर परिवार के साथ डिनर करने से चुक जाता है क्योंकि वह गंभीर रूप से बीमार एक रोगी का उपचार कर रहा है. यही वास्तविकता है। नेशनल डॉक्टर्स डे के दौरान मेडिकल कॉलेज एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ. इला गुजारिया, कम्यूनिटी मेडिसिन विभागायध्यक्ष डॉ. राजेश अहिरवार, ई एन टी विभागाध्यक्ष डॉक्टर धीरेंद्र त्रिपाठी,सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ अनंत राखोन्डे, ऑर्थोपेडिक्स विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज शर्मा, विभागाध्यक्ष डॉक्टर अपराजिता तोमर, विभागाध्यक्ष डॉक्टर प्रियंका गर्ग, डॉ. धर्मवीर शर्मा, डॉक्टर शिखा जैन सहित समस्त वरिष्ठ चिकित्सक शिक्षक, चिकित्सकगणों ने केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी।

# बामौरकलां पुलिस ने हत्या के मामले में 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**शिवपुरी ब्यूरो।** बामौरकलां थाना पुलिस ने जमीनी विवाद के चलते मारपीट कर हत्या करने के मामले में गंभीरता से कार्रवाई करते हुए फरार 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 27 जून को फरियादी इन्द्रपाल पुत्र बृगभान यादव उम्र 29 साल निवासी ग्राम खिरिया थाना बामौरकलां जिला शिवपुरी ने थाना उपस्थित आकर आरोपीगणों महेश सेन,नीलम यादव, नाहर सिंह यादव, बुन्देल यादव, रावसाहब यादव, संजीव सेन, अनिल सेन निवासीगण ग्राम खिरिया, राजीव सेन, उस्ताज सेन, संदीप सेन, रिंकेश सेन निवासीगण नयागांव, रामदयाल सेन, धर्मेन्द्र सेन निवासीगण कालीपहाडी के विरूद्ध जमीनी विवाद पर से आरोपीगणों द्वारा लाठी, डण्डे, फरसा, कुल्हाडी से फरियादी इन्द्रपाल, मृतक बृगभान यादव, मजरूब सालिगराम यादव, मजरूब रामराजा यादव, मजरूब लालसाहब यादव, मजरूब अरविंद यादव, मजरूब कृष्णपाल यादव एवं मजरूब वीरपाल यादव की एक राय होकर जान से मारने की नियत से हमला कर मारपीट की थी जिससे आई चोटों के कारण बृगभान यादव की मृत्यू हो गई थी एवं अन्य मजरूबों को गंभीर चोटे आई। फरियादी की रिपोर्ट पर से आरोपीगणों के विरूद्ध थाना बामौरकलां में अपराध क्रमांक 78/2025 धारा 103 (1), 109,191(2),191(3).190, 115(2), 3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आज पुलिस को अपरान्ह मुखबिर की सूचना पर से प्रकरण में फरार आरोपीगणों उस्ताज पुत्र स्व0 उम्मेद सेन उम्र 50 साल, राजीव पुत्र उस्ताज सेन उम्र 24 साल, संजीव पुत्र उस्ताज सेन उम्र 18 साल निवासीगण ग्राम नयागांव एवं संजीव उर्फ संदीप पुत्र महेश सेन उम्र 23 साल निवासी ग्राम खिरिया को दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्रवाई में उनि0 राज कुमार सिंह थाना प्रभारी बामौरकलां, सउनि0 दिनेश पाण्डेय, सउनि0 संदीप कुजूर, आर0 राजकुमार सिंह गुर्जर, शंकर भाबर, पंकज साहू, हरीकृष्ण जाट, परवेन्द्र रावत, सत्यवीर गुर्जर थाना बामौरकलां की सराहनीय भूमिका रही।

# अमोला पुलिस 60 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार



**शिवपुरी ब्यूरो।** अमोला थाना पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्रों में कच्ची शराब बेचने आए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 60 लीटर देशी कच्ची शराब एवं एक मोटरसाइकिल जब्त की है। अमोला थाना प्रभारी अंशुल गुप्ता एवं प्र.आर. दीपक उपाध्याय को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि छान रोड बाली पुलिया के पास मे एक व्यक्ति पल्सर काले लाल रंग की बिना नम्बर की मोटरसाइकिल जिस पर दो पीले रंग की प्लास्टिक की जरीकैने मोटरसाइकिल के पीछे बंधी हुई जिनमे अवैध शराब भरी हुई है। जो छान की तरफ से कच्चे रोड से पुराना अमोला की तरफ आ रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु मय फोर्स के छान रोड पहुंचे तो मुखविर द्वारा बताये गये, हुलिये का आदमी आता दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे हमराही फोर्स की मदद से घेरकर पकड़ा जिससे उसका नाम व पता पूछा तो उसने अपना नाम रामकेश लोधी पुत्र गजाधर लोधी उम्र 35 साल निवासी ग्राम पारेश्वर थाना पिछोर जिला शिवपुरी का होना वताया। आरोपी की मोटरसाईकिल पर बंधे दो पीले रंग के जरीकेनों मे 60 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब को बरामद कर मय मोटरसाईकिल के जप्त किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आवकारी एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से अपराध पंजीवध्द कर विवेचना मे लिया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय करैरा पेश कर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी अमोला उनि. अंशुल गुप्ता, सउनि. हरदयाल जोशी, प्र.आर दीपक उपाध्याय, आर रामलक्ष्मण मदुरिया, गजेन्द्र शर्मा, संजीव श्रीवास्तव, अतर सिंह, रामनरेश राठौर, नीतेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# जिले मे शुरू हुआ स्टॉप डायरिया कैंपेन

**धौलपुर ब्यूरो।** 5 वर्ष से छोटे बच्चों में दस्त से होने वाली बाल मृत्यु को शून्य करने हेतु जिले में 1 जुलाई से 15 अगस्त तक स्टॉप डायरिया केम्पेन आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में शहर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र औंडेला रोड पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बच्चों को ओआरएस का घोल पिलाकर विधिवत रूप से अभियान का शुभारंभ किया गया। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा ने बताया कि अभियान का लक्ष्य दस्त के कारण होने वाली शिशु मृत्यु को शून्य करना है। गर्मी, और बारिश के मौसम के दौरान डायरिया की संभावित उच्च घटनाओं से निपटने के लिए यह अभियान एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। इस केम्पेन के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। आशा द्वारा 5 वर्ष से छोटे बच्चों के घर जाकर जिंक की गोली और ओआरएस उपलब्ध करवाया जाएगा। साथ ही दस्त होने की स्थिति में ओआरएस तथा जिंक का उपयोग और ओआरएस प्रयोग करने की सलाह दी जाएगी। इस दौरान एसीएमएचओ डॉ गौरव मीणा ने कहा कि अभियान के दौरान सभी राजकीय चिकित्सालयों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथ आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ओआरएस जिंक कॉर्नर स्थापित किए जाएंगे। इस दौरान उपचार के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को डायरिया के लक्षण और बचाव के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। अभियान के दौरान आशा सहयोगिनियों द्वारा जिले के सभी पांच वर्ष से छोटे बच्चों को घर घर जाकर प्रति बच्चा दो ओआरएस पैकेट एवं 14 दिन की जिंक की खुराक का वितरण किया जाएगा। अभियान के दौरान चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के साथ साथ चिकित्सा शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पंचायती राज विभाग तथा विभिन्न गैर सरकारी संगठनों की भागीदारी रहेगी। कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी शशांक वशिष्ठ ने ओआरएस बनाने की विधि के बारे में बताया।

# भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के उपलक्ष्य में 13 अगस्त को निकलेगी भव्य शोभायात्रा, यादव समाज की सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय

**शिवपुरी ब्यूरो।** पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवपुरी में यादव समाज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं की सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा का पर्व दिनांक 13 अगस्त 2025 (बुधवार) को पूरे श्रद्धा, उल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं की झांकियां, बैंड-बाजे, घोड़े, रथ, धर्मध्वज एवं समाज की एकता का भव्य प्रदर्शन देखने को मिलेगा। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नगरवासियों को धर्म, भक्ति और संस्कृति से जोड़ेगी। यादव समाज युवा संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करना है, बल्कि समाज के हर वर्ग को जोड़कर एकता, संस्कार और संगठन शक्ति का परिचय देना भी है। शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है, वहीं समाज के बुजुर्ग मार्गदर्शन की भूमिका में जुटे हैं। समाज के सभी बंधुओं से अनुरोध किया गया है कि वे इस शुभ आयोजन में सपरिवार भाग लें और अपने आराध्य भगवान श्रीकृष्ण की कृपा प्राप्त करें। आयोजन से संबंधित विस्तृत जानकारी आगामी दिनों में सार्वजनिक की जाएगी।

# बैराड़ पुलिस ने डेढ साल से फरार चल रहे एक स्थाई वारण्टी को किया गिरफ्तार

**शिवपुरी ब्यूरो।** बैराड़ थाना पुलिस ने डेढ़ साल से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। बैराड़ थाना प्रभारी निरीक्षक रविशंकर कौशल माननीय जेएमएफसी न्यायालय पोहरी के प्रकरण क्रमांक 561/21 मे डेढ़ साल से फरार चल रहे स्थाई वारण्टी अजय पुत्र दोलीराम बाल्मीक उम्र 24 साल निवासी ऊंची बरोद थाना बैराड जिला शिवपुरी को गिरफ्तार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। उक्त कार्रवाई में निरी रविशंकर कौशल, प्रआर. महावीर गोस्वामी, प्रआर. इकबाल अहमद, आर.अतरसिंह रावत, लोकेन्द्र, म.आर. नेहा शुक्ला की विशेष भूमिका रही।

# मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**धौलपुर ब्यूरो।** बरसात के मौसम में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों के फैलने की आशंका के चलते मौसमी बीमारियों से आमजन के बचाव के लिए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशानुसार एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि वर्षाकाल में मुख्यतः दूषित पेयजल एवं भोजन से उल्टी दस्त एवं मच्छरों की संख्या में वृद्धि होने से मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया आदि मच्छर जनित बीमारियां होती हैं। उल्टी दस्त मुख्य रूप से दूषित हाथों, दूषित भोजन, दूषित पेय ग्रहण करने से होती है। इनसे बचाव करने हेतु खाने एवं पीने के लिये स्वच्छ अथवा उबला हुआ पानी का उपयोग करें, भोजन को अच्छी तरह से पकायें, भोजन पकाने, खाने व परोसने से पूर्व हाथों को अच्छी तरह साबुन से धोयें। ताजा बना हुआ भोजन व खाद्य वस्तु का सेवन करें, ज्यादा देर का बना भोजन व बासी भोजन का सेवन न करें सदैव पानी, भोजन एवं अन्य खाद्य सामग्रियों को उचित ढक्कन से ढक कर रखें। सडे कटे एवं गले फलों को न खरीदें एवं बाजार में खुले हुए खाद्य पदार्थों का सेवन न करें, उल्टी दस्त होने पर चिकित्सीय सलाह लेवें। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा ने बताया कि बारिश के दिनों में मच्छरों के काटने से मलेरिया, डेंगू चिकनगुनिया, मच्छर जनित बीमारियां होती हैं, इन रोगों से बचाव के लिए मच्छरों से बचाव आवश्यक है। मच्छर पैदा न हो इसके लिये घर के आसपास पानी जमा न होने दे यदि पानी जमा है तो उसकी निकासी करें, निकासी संभव न हो तो रूके हुये पानी पर जले आयल या मिट्टी के तेल का छिड़काव करें, प्रति सप्ताह कूलर, टंकी, टायर, गमलों में जमा पानी खाली करें, पानी के बर्तनों को ढककर रखें, मच्छरों से बचाव के लिये खिडकी एवं दरवाजों पर मच्छर रोधी जाली लगाएं, पूरी बांह के कपड़े पहने, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, मच्छरों को भगाने वाली क्वाईल, क्रीम या लिक्विड का इस्तेमाल करें, नीम की पत्तियों का धुआं करें, मच्छरों को मारने के लिए इलेक्ट्रिक रैकेट का इस्तेमाल करें, बाहर जाए तो पूरे कपड़े पहन कर जायें। डॉ. ने बताया कि मौसमी बीमारियों लेकर सभी बीसीएमओ को निर्देश दिए गए है। इसमें एन्टोमोलोजिकल सर्विलेंस के आधार पर एंटीलार्वल, एंटीएडल्ट सोर्स रिडक्शन की गतिविधियां की जाएगी। एंटीलार्वल, एंटीएडल्ट, सोर्स रिडक्शन के काम आने वाले स्प्रे पम्प, फोगिंग मशीन आदि उपकरणों की स्थिति और आवश्यक इन्सेक्टीसाइड की उपलब्धता, लॉजिस्टिक के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। सरकारी चिकित्सा संस्थानों में डेंगू, चिकनगुनिया की निःशुल्क जांच, एलाइजा आधारित एनएस वन, आईजीएम किट, आईजीजी किट की उपलब्धता के साथ-साथ प्रत्येक संस्थान द्वारा मलेरिया, डेंगू, चिकगुनिया की समय पर रिपोर्टिंग के निर्देश दिए गए है। वहीं आपात स्थिति से निपटने के लिए आकस्मिक योजना के तहत डेंगू वार्ड की पहचान की जाए इसके साथ ही केस प्रबंधन के लिए आवश्यक दवाइयां उपलब्ध रहे इसके लिए चिकित्सा अधिकारी पूरी तरह से ध्यान रखे। एडवाइजरी के अनुसार मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावित क्षेत्रों में समय पर तैनाती की जाए तो वहीं बीमारियों की रोकथाम व बचाव के लिए की जाने वाली गतिविधियों की मॉनिटरिंग व सुपरविजन भी किया जाए।

उन्होंने बताया कि इस दौरान नगर निकायों द्वारा नालियों व गन्दे पानी के स्त्रोतों एमएलओ डालना, घर के बाहर पानी की नालियों व अन्य पानी की साफ-सफाई करवाना, नालियों की सफाई,फोगिंग कार्य करवाए जाएंगे साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को प्रार्थना सत्र के दौरान मौसमी बीमारियों के बचाव के उपाय बताए जाएंगे।

# धौलपुर में अंत्योदय संबल पखवाड़ा, 30 जून तक अर्जित की महत्वपूर्ण प्रगति

**धौलपुर ब्यूरो।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत धौलपुर जिले में आयोजित शिविरों ने जनकल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई है। जिला प्रशासन द्वारा 24 जून से चलाए जा रहे इस अभियान में 30 जून तक विभिन्न विभागों से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में आमजन की सुविधा के विभिन्न कार्य करते हुए सभी उपखंडों की ग्राम पंचायतों में व्यापक रूप से शिविर लगाकर प्रगति हासिल की गई है। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी के नेतृत्व में शिविरों की सघन मॉनिटरिंग और टीम भावना के साथ कार्य ने इन उपलब्धियों को संभव बनाया। शिविरों में सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि राजस्व विभाग की रही, जिसमें सीमाज्ञान के 422 मामलों में 411 का निस्तारण कर जनता को त्वरित राहत दी। पत्थरीगढ़ी के 20 में से 18 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। कुर्रेजात के 57 में से 50 प्रकरण निपटाए गए। वहीं रास्ते के 248 में से 245 प्रकरणों और आपसी सहमति से बटवारे के सभी 511 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में राजस्व विभाग ने अवैध अतिक्रमण हटाने और भूखंड विवादों के निपटारे में भी उल्लेखनीय कार्य किया। पंचायती राज विभाग द्वारा 892 स्वामित्व कार्ड बनाएं गए एवं 631 पट्टे वितरित किए गए। पखवाड़ा अवधि में 18 हजार से अधिक पौधे रोपे गए। वहीं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 1597 चयनित बीपीएल परिवारों के बैंक खातों का सत्यापन किया गया। 104 परिवारों को स्वयं सहायता समूह से जोड़े जाने हेतु, 175 परिवारों से शौचालय निर्माण हेतु, 50 परिवारों से पीएम आवास हेतु, 238 परिवारों से सामाजिक सुरक्षा हेतु एवं 154 परिवारों से खाद्य सुरक्षा हेतु आवेदन प्राप्त किए गए। विद्युत विभाग ने 389 झूलते तारों को सही किया, 169 विद्युत पोल सही करवाएं एवं 606 स्थानों पर तारो के सम्पर्क वाले पेड़-पौधो की छटाई की। पेयजल व्यवस्था के मोर्चे पर भी उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया। विभाग द्वारा 216 पेयजल कनेक्शन जारी किए गए। 45 पानी की टंकियों की सफाई की गई। वहीं 37 जल स्त्रोतों पर विद्युत कनेक्शन जारी किए गए। 52 स्थानों पर जल दवाब की जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग ने अंत्योदय शिविरों में स्वास्थ्य जांच और उपचार की व्यापक सेवाएं दीं। कुल 7597 एनसीडी जांच की गई, 99 यूनिक डिसेबिलिटी कार्ड वितरित किए गए। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 5334 व्यक्तियों की ईकेवाईसी की गई। वहीं 2592 पीएमजेएवाई कार्ड वितरित किए गए। 3787 व्यक्तियों की टीबी स्क्रीनिंग की गई। टीबी रोगियों को 129 निक्षय पोषण किट वितरित की गई। 626 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई और 352 बच्चों के टीकाकरण किए गए। पशुपालन विभाग ने भी पखवाड़े में सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते हुए 16245 पशुओं का टीकाकरण किया, ताकि रोग-निरोधी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुधन की भूमिका को देखते हुए यह पहल बेहद महत्वपूर्ण रही। वहीं, वन विभाग ने 12983 पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण और हरियालो राजस्थान अभियान को मजबूत किया। शिक्षा विभाग ने भी इस अभियान को प्राथमिकता से लिया। जिले के 1,109 स्कूलों में शौचालयों की सफाई सुनिश्चित की गई, वहीं 13332 विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरित की गईं, जिससे नए सत्र में बच्चों की शिक्षा में किसी तरह की बाधा न आए। इसके अलावा 414 विद्यालयों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित कर नामांकन को प्रोत्साहित किया गया, ताकि शिक्षा का उजाला हर घर तक पहुंचे। राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आयुष्मान भारत, खाद्य सुरक्षा योजना और विभिन्न कल्याणकारी पेंशन योजनाओं के तहत भी हजारों लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया। ग्राम पंचायतों और उपखंड स्तर पर शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याएं मौके पर ही सुनकर उनका त्वरित समाधान करना इस पखवाड़ा अभियान की सबसे बड़ी विशेषता रही। कई वर्षों से लंबित छोटे-बड़े प्रकरणों के निराकरण से आमजन को राहत मिली। इस पखवाड़े की सफलता में जिला प्रशासन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, राजस्व विभागों सहित अन्य विभागों की सक्रिय सहभागिता रही।

# एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन 3 जुलाई

**धौलपुर ब्यूरो।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय धूलकोट रोड़ धौलपुर में 3 जुलाई गुरूवार को प्रातः 9 बजे से शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में बीएसएनएल धौलपुर, एसबीआई लाइफ इन्सयोरेंस धौलपुर, यशस्वी ग्रुप जयपुर, एलआईसी धौलपुर, इन्नोव सोर्स प्राईवेट लिमिटेड जयपुर, एसएसआइसी सिक्योरिटी सर्विसेज, हाईटेक केयर प्रा. लि., वी5 ग्लोबल सर्विसेज प्रा. लि., पुखराज हेल्थकेयर प्रा. लि. जयपुर आदि कम्पनियों के अलावा कई एनजीओ एवं राजकीय आईटीआई, पीएनबी-आरसेटी, आरएसएलडीसी द्वारा संचालित विभागीय कोर्सेज की जानकारी देने के लिए उपस्थित रहेगें। शिविर में मशीन ऑपरेटर, एसेबंली ऑपरेटर, ऑफिस एण्ड सेल्स एक्सीक्यूटिव, सिक्योरिटी गार्ड, फिल्ड ऑफिसर, फाईनेंस एक्सीक्यूटिव, असिसटेंट मैनेजर, एजेंट, तकनीकी वर्कर, एसोशिएट ट्रेनी, डिप्लोमा होल्डर, पॉलिटेक्निक, बीटेक, आईटीआई होल्डर आदि रिक्तिया निकाली गई है। उन्होंने बताया कि 18 से 35 वर्ष आयु के 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई, बीटेक उत्तीर्ण आशार्थी अपने साथ शैक्षणिक योग्यता के मूल सर्टिफिकेट्स की फोटोप्रति का एक सेट, 2 फोटो एवं आईडी प्रूफ की फोटोप्रति साथ लेकर शिविर में उपस्थित हो। शिविर में आने-जाने का कोई भत्ता देय नहीं होगा।

# अतिवृष्टि और बाढ़ के दौरान पशुधन की सुरक्षा पर पशुपालन विभाग ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**धौलपुर ब्यूरो।** जिले में मानसून की सक्रियता और संभावित बाढ़ के हालात को देखते हुए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशानुसार पशुपालन विभाग सतर्क हो गया है। संयुक्त निदेशक डॉ. संत सिंह ने बताया कि यहां की नदियों में जलस्तर तेजी से बढ़ता है, जिससे बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है। ऐसी आपदा की घड़ी में पशुपालकों को अपने पशुधन की सुरक्षा के लिए विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पशुबाड़े का स्थान ऊँचाई पर रखें-जलभराव से बचाव के लिए बाड़े को ऊँचे स्थान पर बनाया जाए। कीचड़ व गंदगी से बचाव के लिए नियमित सफाई की जाए। भीगने से बचाव-भैंसों को बारिश से अधिक असर नहीं होता, लेकिन गाय, बकरी और भेड़ बारिश में जल्दी बीमार हो जाती हैं, इसलिए बाड़े को तिरपाल से ढकना जरूरी है। बिजली से सावधानी-पशुबाड़ों को बिजली के खंभों या डीपी से दूर रखें। पशुओं को निचले स्थानों, तालाबों, एनिकटों आदि पर चरने न भेजें। आपात स्थिति में बांध कर न रखें-बाढ़ की स्थिति में पशुओं को खूंटियों से बांधकर न रखें, ताकि वे स्वयं तैरकर सुरक्षित निकल सकें। चारा व्यवस्था-पूर्व में ही सूखा चारा जमा कर लें और पशुओं को सूखा और हरा चारा मिलाकर खिलाएं ताकि आफरा से बचा जा सके। प्रकाश व्यवस्था-टॉर्च, लालटेन व चिमनी जैसी वैकल्पिक रोशनी की व्यवस्था रखें। रस्सी सावधानी-पशुओं को मजबूत रस्सी से बांधने से बचें ताकि तेज बहाव में उलझने की स्थिति में उनकी जान बचाई जा सके। बाड़े की मरम्मत-दीवारों की दरारें चूना या सीमेंट से भरें ताकि उनमें कीड़े-मकोड़े और सांप न आएं। खुरों की देखभाल-ज्यादा देर पानी में रहने से खुरों में बीमारी हो सकती है। लाल दवा से खुरों की सफाई करें। भेड़-बकरी की विशेष देखभाल-इन्हें निमोनिया से बचाने के लिए बारिश से बचाएं और ऊँचे, पथरीले स्थान पर रखें। टीकाकरण-गलघोटू, लंगड़ा बुखार जैसी बीमारियों से बचाव के लिए पशुओं का टीकाकरण कराएं। कृमिनाशक दवा-हर तीन माह में पेट के कीड़ों की दवा जरूर पिलाएं। संक्रमित पशु अलग रखें-बीमार पशुओं को अन्य पशुओं से अलग रखें ताकि संक्रमण न फेले। गर्भवती पशुओं की देखभाल-ब्याने के निकट पशु को नदी या तालाब में न जाने दें, इससे नवजात की जान को खतरा हो सकता है। बीमारी की सूचना दें-यदि पशुओं में किसी प्रकार की बीमारी दिखे तो नजदीकी पशु चिकित्सालय को तुरंत सूचित करें। संयुक्त निदेशक डॉ. संत सिंह ने बताया कि इन सावधानियों का पालन कर पशुपालक अपने पशुधन की रक्षा कर सकते हैं और आपदा के समय नुकसान से बच सकते हैं।

# 345 पंजीकृत अमान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों को डीलिस्ट करने की प्रक्रिया प्रारंभ, राजस्थान से 09 पंजीकृत अमान्यताप्राप्त राजनीतिक दल डीलिस्ट हेतु चुने गए

**धौलपुर ब्यूरो।** भारत निर्वाचन आयोग ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में तथा निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में 345 पंजीकृत अमान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों को डीलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ये वे दल हैं जो वर्ष 2019 से पिछले छह वर्षों में कोई भी चुनाव नहीं लड़े हैं और जिनके कार्यालयों का भौतिक रूप से कोई पता नहीं चल पाया है। ये 345 राजनीतिक दल देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से हैं। निर्वाचन आयोग के संज्ञान में यह बात आई है कि वर्तमान में पंजीकृत 2800 से अधिक त्नच्चे में से कई दल ऐसे हैं जो त्नच्च् के रूप में बने रहने की आवश्यक शर्तों को पूरा नहीं कर रहे हैं। इसी के मद्देनजर आयोग ने राष्ट्रव्यापी स्तर पर ऐसे दलों की पहचान के लिए एक विशेष अभियान चलाया, जिसके अंतर्गत अब तक 345 ऐसे दल चिन्हित किए जा चुके हैं। राजस्थान से आयोग ने डिलिस्ट करने के लिए प्रारंभिक रूप में राजस्थान जनता पार्टी, राष्ट्रीय जन सागर पार्टी, खुशहाल किसान पार्टी, भारत वाहिनी पार्टी, भारतीय जनहितकारी पार्टी, नेशनल जनसत्ता पार्टी, नेशनलिस्ट पीपलस फ्रंट, स्वच्छ भारत पार्टी एवं महाराणा क्रांति पार्टी का चयन किया है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी दल अनुचित रूप से डीलिस्ट न हो, संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे इन दलों को कारण बताओ नोटिस जारी करें। इसके बाद संबंधित सीईओ द्वारा इन दलों को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर दिया जाएगा। किसी भी दल को डीलिस्ट करने का अंतिम निर्णय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिया जाएगा। देश में राजनीतिक दल (राष्ट्रीय/राज्य/पंजीकृत अपंजीकृत) जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29। के तहत निर्वाचन आयोग में पंजीकृत होते हैं। इस प्रावधान के अंतर्गत, कोई भी संगठन एक बार राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत हो जाने पर कर में छूट जैसी विभिन्न सुविधाओं और लाभों का पात्र हो जाता है। यह प्रक्रिया राजनीतिक प्रणाली की शुद्धि और उन दलों को डीलिस्ट करने के उद्देश्य से की जा रही है, जिन्होंने वर्ष 2019 से लोकसभा या राज्य विधानसभाओं या उपचुनावों में कोई चुनाव नहीं लड़ा है और जिनका भौतिक अस्तित्व भी स्थापित नहीं हो सका है। इस अभियान के पहले चरण में 345 ऐसे दल चिन्हित किए गए हैं और यह प्रक्रिया राजनीतिक प्रणाली को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से आगे भी जारी रहेगी।

# मुरैना की सड़कें बनी हादसों को आमंत्रण

## लालौर फाटक पर धंसी सड़क, बाल-बाल बचा डंपर पलटने से



**मुरैना,कांस।** शहर की सड़कें एक बार फिर अपनी जर्जर हालत के चलते हादसों को न्योता देती नजर आ रही हैं। मंगलवार शाम लालौर फाटक के पास हुई एक घटना ने इस बात को और पुख्ता कर दिया। बारिश के कारण यहाँ सड़क अचानक धंस गई, जिससे एक डंपर पलटने से बाल-बाल बच गया। इस घटना के कारण एक बड़ा हादसा टल गया, हालांकि सड़क पर करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, शाम के समय जब एक डंपर लालौर फाटक से गुजर रहा था, तभी बारिश के कारण नरम हुई सड़क का एक हिस्सा अचानक नीचे धंस गया। गनीमत रही कि डंपर चालक ने सूझबूझ से काम लिया और वाहन को नियंत्रित कर लिया, अन्यथा वह पलट सकता था, जिससे जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता था। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। बारिश के मौसम में मुरैना की अधिकांश सड़कों की हालत खस्ता हो जाती है, जिससे आए दिन छोटे-मोटे हादसे होते रहते हैं। लालौर फाटक पर सड़क धंसने की इस घटना ने एक बार फिर प्रशासन की अनदेखी और सड़क निर्माण में गुणवत्ता की कमी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस घटना के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। बाद में स्थानीय पुलिस और लोगों की मदद से स्थिति को सामान्य किया जा सका।

शहरवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सड़कों की मरम्मत और रखरखाव पर तत्काल ध्यान दिया जाए, ताकि भविष्य में ऐसे बड़े हादसों से बचा जा सके।

# रोटरी क्लब चम्बल ने नवीन सत्र 2025-26 के शुभारंभ पर किया डॉक्टर्स और सीए का सम्मान

## नवीन सत्र 2025-26 के लिए अभय परमार बने अध्यक्ष एवं नीरज बांदिल बने सचिव




**मुरैना,कांस।** रोटरी की गौरवशाली परंपरा का निर्वहन करते हुए, रोटरी क्लब चम्बल ने नवीन का आगाज करते हुए सत्र 2025-26 का शुभारंभ 1 जुलाई मंगलवार को डॉक्टर्स डे एवं सीए डे के उपलक्ष्य में शहर के प्रमुख 2 डॉक्टर्स एवं 2 सीए - डॉ सुरेश गुप्ता , डॉ राहुल गुप्ता, सीए आदित्य गोयल , सीए राहुल गुप्ता का सम्मान किया । गतिविधियों में रोटरी क्लब चम्बल की ओर से डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी आनंद गुप्ता, सह प्रान्तपाल आकाश चांदिल, अध्यक्ष अभय परमार, सचिव नीरज बांदिल, कोषाध्यक्ष अनूप सिंघल,कोषाध्यक्ष रोहित शिवहरे, सीए गोविंद चांदिल, प्रमोद उपाध्याय, गिर्राज अर्गल, कमल गोयल, राहुल वर्मा आदि सदस्य उपस्थित होकर सभी डॉक्टरों और सीए सम्मान कर उनका मनोबल बढ़ाया साथ ही साथ डॉ और सीए डे की बधाईया एवं शुभकामनाएं दी, रोटरी क्लब चम्बल के अध्यक्ष ने कहा कि डॉक्टर्स और सीए दोनों की अहमियता हमारे जीवन मे बहुत होती है, क्योंकि डॉक्टर्स हमारी हेल्थ का खयाल रखते है और सीए हमारी वेल्थ का इश्लिये इन दोनों से सदैव जुड़ाव बना रहना चाहिए ।

# अभाविप के विभाग संयोजक बने सत्यादित्य तोमर



**मुरैना,कांस।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मध्य भारत प्रांत का प्रांत अभ्यास वर्ग सीहोर में संपन्न हुआ, इस प्रशिक्षण वर्ग में प्रांत के 18 जिलों से आए कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और विभिन्न सत्रों के माध्यम से संगठनात्मक कार्यशाली विचारधारा एवं नेतृत्व कौशल का प्रशिक्षण प्राप्त किया अभ्यास वर्ग के उद्घाटन सत्र में अब आगे के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । साथ ही इस अवसर पर अभाविप के प्रदेश स्तर के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वर्ग में शैक्षणिक सामाजिक व राष्ट्रीय विषय पर भी विचार विमर्श किया गया, साथी 18 जिलों से आए कार्यकर्ताओं ने विभिन्न सत्रों के माध्यम से संगठन आत्मक कार्यशैली विचारधारा एवं नेतृत्व कौशल का प्रशिक्षण प्राप्त किया, इस अभ्यास वर्ग के समारोप सत्र में संगठन की आगामी कार्य योजना एवं संरचना को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं हुई जिसमें मुरैना जिले में सत्यादित्य तोमर को विभाग संयोजक भिंड मुरैना बनाया गया, साथ ही शिवराज शर्मा को विभाग प्रमुख ,शिवकुमार पचोरी को जिला प्रमुख एवं विकास शर्मा को जिला संयोजक नियुक्त किया गया।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान 131 आवेदनकर्ताओं को सुना

## भूरा और बंटी कुशवाह को सरस्वती स्कूल में मिलेगा निःशुल्क दाखिला



**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 11 से 1 बजे तक जिला एवं खंड स्तर के मुख्यालय पर जनसुनवाई करने के निर्देश हैं। निर्देशों के तहत 1 जुलाई को जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई कक्ष में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने 131 आवेदनकर्ताओं को सुना जिनमें से तीन आवेदन ऐसे पाये गये जिनका समाधान टीएल बैठक में अधिकारियों के समक्ष किया जाना संभव था। उन आवेदनों को एनआईसी के माध्यम से उत्तरा पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये इसके साथ ही 128 आवेदनकर्ताओं को कलेक्टर ने बारी बारी से सुना और उनकी समस्या का समाधान करने का आवेदनकर्ताओं को आश्वासन दिया। जनसुनवाई के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव, अपर कलेक्टर श्री सी.बी. प्रसाद सहित संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, जिलाधिकारी, तहसीलदार उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम मुरैना के वार्ड क्रमांक 43 के भोंड़ेरी (पन्ना का पुरा) निवासी भूरा और बंटी पुत्र रामप्रकाश कुशवाह ने आवेदन प्रस्तुत किया कि हम दोनों भाई ग्वालियर में कक्षा 9वीं के छात्र हैं। ब्लाइंड होने के कारण उस वक्त हम रेडक्रॉस द्वारा संचालित हॉस्टल में निवासरत हैं। प्रतिदिन हमें ग्वालियर जाने में काफी असुविधा होती है। हमारा एडमीशन मुरैना के सरस्वती स्कूल में कराने का आग्रह किया। कलेक्टर ने आवेदन को तत्काल संज्ञान में लिया और बंटी और भूरा का कक्षा 10वीं में दाखिला सरस्वती स्कूल मुरैना में निःशुल्क कराने के निर्देश जिला शिक्षाधिकारी को दिये। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, नामांतरण, महिला बाल विकास, पीएचई, पेंशन, जिला कोषालय खाद्यान्न, कृषि, सिंचाई, श्रम आदि विभागों को आवेदनों को कलेक्टर ने बारी बारी से सुना और उनका समाधान भी अधिकारियों से कराया।

# छेड़छाड़ का विरोध करना पड़ा भारी:

## बेटी के सम्मान की रक्षा में पिता को पीटकर किया लहूलुहान, पुलिस ने निकाला आरोपियों का जुलूस



**मुरैना,कांस।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बेरियल चौराहे पर मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। बेटी से छेड़छाड़ का विरोध करना एक पिता को इतना महंगा पड़ गया कि आरोपियों ने मिलकर उस पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट इतनी बेरहमी से की गई कि घायल पिता के पैर तक तोड़ दिए गए। यह शर्मनाक वारदात दो दिन पूर्व की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित पिता ने जब बेटी के साथ हो रही छेड़छाड़ का विरोध किया, तो बदमाश भड़क उठे और मिलकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाई और मामले में शामिल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों का जुलूस शहर में निकाला, ताकि समाज में ऐसा अपराध करने वालों को सख्त संदेश दिया जा सके। इस कार्रवाई से आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है और लोगों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी सजा की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऐसे मामलों में शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जाएगी और पीड़ितों को हर हाल में न्याय दिलाया जाएगा।

# मुरैना पुलिस ने उद्घोषित अपराधियों पर कसा शिकंजा, 25,000 का इनाम घोषित

**मुरैना,कांस।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय, मुरैना द्वारा आज दिनांक 01.07.2025 को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया गया कि अंबाह पुलिस द्वारा थाना अंबाह के अपराध क्रमांक 170/25 में धारा 103, 109, 191, 192, 193, 190 आईपीसी, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत वांछित पांच उद्घोषित अपराधियों पर शिकंजा कसा गया है। इन सभी पर प्रत्येक पर 5,000 का इनाम घोषित किया गया है। प्रकरण में फरार चल रहे 1- सूरज पुत्र राजबहादुर सिंह तोमर, 2- मुटटन उर्फ अभिषेक पुत्र महेश शर्मा, 3- प्रियांश पुत्र गाडम्बर सिंह तोमर, 4- सुमित उर्फ मिलन पुत्र तिवारी सिंह तोमर, एवं 5- संतोष उर्फ पुष्पेंद्र चौहान की गिरफ्तारी हेतु हर संभव प्रयास के बाद भी पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई है। पुलिस अधीक्षक, मुरैना द्वारा सूचित किया गया है कि इन सभी उद्घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के संबंध में कोई भी व्यक्ति यदि कोई पुष्ट सूचना देता है, तो उसे पुलिस अधीक्षक, मुरैना द्वारा पुलिस रेगुलेशन के पैरा क्रमांक 80-क(1) के अंतर्गत प्रावधानों के अनुसार नियमानुसार पुरस्कृत किया जाएगा। पुलिस ने जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि इन इनामी अपराधियों के संबंध में कोई भी गोपनीय जानकारी पुलिस को दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा।

**संपर्क सूत्र :**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय मुरैना : 07532 232200

पुलिस कंट्रोल रूम मुरैना : 7049101040

थाना प्रभारी अंबाह : 9131112947

# तेंदुए ने मचाया आतंक, छह बकरियों का शिकार कर घर की पाटोर में छिपा, ग्रामीणों में दहशत




**मुरैना,कांस।** मुरैना जिले के सुमावली क्षेत्र अंतर्गत केमाई मुरान गांव में मंगलवार दोपहर एक तेंदुए के घुस आने से गांव में हड़कंप मच गया। तेंदुआ अब तक छह से अधिक बकरियों को अपना शिकार बना चुका है और फिलहाल गांव के एक मकान की पाटोर (छप्पर) में छिपा बैठा है। इस घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, तेंदुआ सुबह गांव में घुस आया और गांव के ही नारायण रजक के घर की पाटोर में जा छिपा। घटना की सूचना मिलते ही जौरा के डिप्टी रेंजर विनोद उपाध्याय मौके पर पहुंचे और तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन की रणनीति बनाई जा रही है। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच चुकी है। वहीं, शिवपुरी से वन विभाग के अन्य अधिकारी भी इटालवी गांव तक पहुंच चुके हैं। गौरतलब है कि केमाई गांव, सुमावली से इटालवी गांव होते हुए जंगल की ओर जाता है, जिससे माना जा रहा है कि तेंदुआ इसी रास्ते से गांव में आया होगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल गांव में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और वन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ने के प्रयास में जुटी हुई है।

# कलेक्टर ने मुरैना गांव पहुंचकर दो समुदाय के बीच विवाद को निपटान के लिये तहसीलदार से खसरा रिपोर्ट मांगी



**मुरैना,कांस।** विदित है कि कई महिनों से मुरैना गांव में खसरा नंबर 990 पर जाटव समुदाय के लोगों द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगा दी गई है। इस पर जाटव और किरार समाज का विवाद आये दिन बना रहता है। इस स्थिति का समाधान करने के लिये कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने मुरैना गांव पहुंचकर सर्वे क्रमांक 990 भूमि पर पहुंचकर वस्तुस्थिति का मौका मुआयना किया और संबंधित पटवारी और तहसीलदार को निर्देश दिये कि बंदोबस्त के पूर्व और बंदोबस्त के बाद खसरा रिपोर्ट की जानकारी तत्काल मुझे अवगत कराई जाये ताकि दो समुदाय के बीच आपसी झगड़े का समाधान किया जा सके। भ्रमण के समय तहसीलदार मुरैना तथा पटवारी एवं बड़ी संख्या में दोनों पक्ष उपस्थित थे।

# सेवाकाल पूर्ण होने पर आर ई एस के कार्यपालन यत्री आर आर सुमन का विदाई समारोह सम्पन्न

## आदर्श समाज की स्थापना के लिए जात रूपी अजगर को खत्म करना होगा- सुमन



**मुरैना,कांस।** दिनांक 30 जून 2025 को श्री आर आर सुमन कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यंत्रिकी सेवा संभाग मुरैना का शासकीय सेवाकाल पूर्ण होने पर विदाई समारोह के साथ स्थानांतरित उपयंत्री श्री डी एस कंसाना, ए एल राजपूत के विदाई समारोह का आयोजन, अग्रवाल सेवा सदन टी आर पुरम में रखा गया कार्यक्रम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश भार्गव के मुख्य अतिथ्य में रखा गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री एस के सिंह ,जिला खनिज अधिकारी श्री सुखदेव निर्मल, जनपद सीईओ महावीर जाटव,सुरेन्द्र यादव, तिलकसिंह, एम एम वेग एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अनुविभागीय अधिकारी ध्वनित मिश्रा, हेमंत परसेडिया, सहायक यंत्री अनिल भटनागर, विकास अग्रवाल, निर्मल गुप्ता, राकेश दैपुरिया, धीरज सिकरवार, रेखा राजपूत,समस्त उपयंत्री एवं कर्मचारी उपस्थित रहे श्री भार्गव ने श्री सुमन के योगदान एवं कार्यो की सराहना की कार्यक्रम में श्री सुमन का परिवार भी शामिल हुआ जिसमें उनकी पत्नी श्रीमती कुसुम सुमन जो के अध्यापक हैं उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा यदि पूर्व से पता होता तो इनके साथ में भी देह दान करती भविष्य में अवश्य ही करेंगे। श्री सुमन द्वारा अपने जीवन संघर्ष को बयां किया एवं कहा की किस तरह गरीबी में पले पढे और इस पद पर पहुंचे लेकिन जाति गरीबी से भी खतरनाक है यह जाति रूपी अजगर है जो सभी को धीरे-धीरे निगल रहा है। चाहे वह अगडा हो चाहे वह पिछड़ा हो ।आदर्श समाज की स्थापना के लिए इस जाति रूपी अजगर को खत्म करना ही होगा। यह एक सामाजिक बीमारी है इसे हम सब मिलकर खत्म करें। जिससे समाज और देश की तरक्की हो। देहदान के संबंध में श्री सुमन द्वारा बताया गया की एक मृत शरीर को जलाने के लिए लगभग तीन कुंटल लकड़ी की आवश्यकता होती है ।यह तीन कुंटल लकड़ी लगभग 10 वर्ष के पौधे से प्राप्त होती है। अर्थात हम 10 वर्ष के पौधे को नष्ट करते हैं, तब हमारा संस्कार होता है। पर्यावरण की दृष्टि से पेड़ों का संरक्षण अति आवश्यक है साथ ही शरीर को दान करने से हमारी आने वाली पीढ़ी कुछ सीखेगी कुछ अनुसंधान करेगी । हमारे जीवित रहते हुए कुछ लोगों ने सीखा होगा और मरने के बाद भी सीखेंगे ऐसा हमारा मानना है।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पूजा कोचर सहायक यंत्री द्वारा किया गया।स्म्रति स्वरूप मूर्ति भेंट की गई।

# पुलिस ने विधि महाविद्यालय में BNS 2023 अंतर्गत विक्टिम प्रावधान अधिनियम पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।






**मुरैना,कांस।** लॉ कॉलेज मुरैना में भारतीय न्याय संहिता 2023 (Bharatiya Nyaya Sanhita & BNSS 2023) में किए गए नवीन प्रावधानों के अनुसार विक्टिम प्रावधान अधिनियम पर आधारित एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अवसर पर विधि विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई कि धारा 193 BNS: पीड़िता को निःशुल्क चिकित्सकीय सहायता एवं प्राथमिक देखभाल प्राप्त करने का अधिकार। धारा 199 BNS: यौन अपराध की पीडिता की पहचान उजागर करना दंडनीय अपराध घोषित।धारा 200 BNS: पीड़िता की गवाही महिला अधिकारी की उपस्थिति में ही रिकॉर्ड की जाएगी।धारा 201 BNS: महिलाओं एवं बच्चों के मामलों में विशेष संवेदनशीलता और शीघ्र सुनवाई सुनिश्चित करने के नए प्रावधानों का मुख्य उद्देश्य केवल अपराधियों को सजा दिलाना नहीं, बल्कि पीड़ितों को सम्मान, सुरक्षा एवं सहयोग के साथ न्याय सुनिश्चित करना भी है अब पीडित ई-एफआईआर (इलेक्ट्रोनिक माध्यम) से भी अपनी बात पुलिस तक पहुंचा सकते हैं, जिसमें पीडित को 03 दिवस के भीतर संबंधित थाना पर जाना होगा, जिस पर थाना प्रभारी द्वारा जाँच उपरान्त आपकी रिपोर्ट को असल कायमी में शुमार कर दिया जायेगा एवं आपको निशुल्क एफआईआर की प्रति प्रदाय की जावेगी । ई-एफआईआर अंतर्गत जिला मुरैना में दिनांक 01.07.2024 से 15.06.2025 तक कुल 128 ई-एफआईआर प्राप्त हुई, जिनमें पीडितों / फरियादी से संपर्क कर तत्काल कार्यवाही कर विधिसम्मत निराकरण किया गया है। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती दीपाली चंदौरिया द्वारा सभी अधिकारियों, लॉ कॉलेज के विधि विशेषज्ञ व जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे इन प्रावधानों की सही समझ रखते हुए पीड़ितों की सहायता में संवेदनशीलता, तत्परता एवं निष्पक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उनके द्वारा छात्रों एवं युवाओं से भी अपील की गई कि वे समाज में इन कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने में सहयोग करें, ताकि पीड़ितों को उनका अधिकार सुलभ हो सके।

# मर्ग जांच पर से बाइक चालक के खिलाफमामला दर्ज

**मुरैना,कांस।** कोतवाली थाना पुलिस ने मर्ग जांच पर से बाइक चालक के खिलाफमामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विवेकानंद कॉलौनी निवासी जयकिशन पुत्र राधेश्याम कुशवाह उम्र 21 साल नाला नम्बर एक के पास यादव कोठी के पास जा रहा था कि उसी समय बाइक क्रमांक एमपी06 जेडई 7529 के चालक ने बाइक को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए दिनांक 13.6.2025 को टक्कर मार दी जिससे युवक की मौत हो गई। थाना पुलिस ने मर्ग जांच पर से आरोपी बाइक चालक के खिलाफबीएनएस की धारा 106(1) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# नदी में डूबने से दो किशोरो की मौत

**मुरैना,कांस।** जिले के देवगढ थाना क्षेत्र में क्वारी नदी में डूबने से दो किशोर बच्चो की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के खिटौरा गॉव के पास क्वारी नदी में सूरज पुत्र विशाल सिंह राजावत उम्र 15 साल निवासी खिटौरा व कृष्णा पुत्र वीरपाल परमार उम्र 14 साल ग्राम भारे थाना जगनेर आगरा नदी में नहाने गए थे जहॉ नहाते समय उनकी नदी के गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। थाना पुलिस ने फरियादी रामौतार पुत्र चिम्मन सिंह सिकरवार निवासी खिटौरा की रिपोर्ट पर से दो अलग-अलग मर्ग कायम कर विवेचना में लिए गए है।

# बाल अधिकारों के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं महिला बाल विकास की संयुक्त कार्यशाला संपन्न

**मुरैना,कांस।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती संगीता मदान एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री ओपी पांडेय के मार्गदर्शन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किशोर न्याय समिति उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा बाल अधिकारों की संबंध में जागरूकता अभियान माह जून एवं जुलाई में व्यापक स्तर पर शिविरों के आयोजन हेतु मंगलवार को जनपद पंचायत सभागार में बाल अधिकारों के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का साथ शुभारंभ विधिक सहायता अधिकारी श्री बृजेंद्र सिंह भदोरिया के द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को बच्चों के सभी अधिकार पोषण का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, स्वास्थ्य का अधिकार, सुरक्षा अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में श्री रविकांत दुबे के द्वारा अनाथ बच्चों के लिए मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना एवं स्पॉन्सरशिप योजना के तहत लगने वाले दस्तावेजों की जानकारी दी गई। जिससे वह जरूरतमंद बच्चों जिनके माता-पिता दोनों की मृत्यु हो गई है या पिता की मृत्यु हो गई है, अपना भरण पोषण कर सके एवं अच्छी शिक्षा अर्जित कर सकें। कार्यक्रम में प्रभारी आईसीपीएस श्रीमती अपूर्व चौधरी, संरक्षण अधिकारी बृजराज शर्मा द्वारा भी विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया।



# 251 कलश यात्रा के साथ, भूतेश्वर महादेव पर राम कथा प्रारंभ

**वीरपुर (गिर्राज गर्ग.)।** बीरपुर ग्राम पंचायत में भूतेश्वर महादेव सेवा समिति की ओर से स्टेशन रोड पर मंगलवार को राम कथा का आयोजन किया गया है. इसका शुभारम्भ 251 कलश के साथ शुरू हुआ. कलश यात्रा बैंड बाजे के साथ राम धुन के भजनों के साथ गाजे बाजे के साथ मैन बाजार गणेश चौक मंदिर से होते हुए निकाली गई.हनुमान मंदिर बसटैंड कथा स्थल पर समापन हुआ.आज रामकथा का पहला दिन था. 5 बजे आरती के साथ प्रसाद वितरण किया.प्राचीन भोले नाथ मंदिर पर प्रथम बार रामकथा का आयोजन हुआ हे. सैकड़ों भक्तों ने कथा स्थल पर आकर कथा का आनंद लिया।



## आम सूचना

आज दिनांक को सफारी इन्डस्ट्रीज (इंडिया) लिमिटेड सूचना करता है कि शेयर धारक सुनीता गुप्ता के शेयर Folio No.501291 सर्टिफिकेट नं. 305 सीरियल नं. 17100617/505 गुम हो गई है।

सफारी इन्डस्ट्रीज इन्हें डुप्लीकेट प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया में है। यदि किसी अन्य व्याकी को उक्त शेयर नं. पर कोई दावा हो तो तुरन्त या 15 दिवस के अन्दर कम्पनी के रजिस्ट्रार कार्यालय पर दावा प्रस्तुत करें। कलेम न होने पर सुनीता गुप्ता को सत्य प्रतिलिपि

(डुप्लीकेट) शेयर प्रमाण पत्र जारी किए जायेंगे।

**पता**

**ADROIT CORPORATE, SERVICES Pvt. LTD. 18-20 Jaferbhoy Ind Estate 1st floor makwana Road Maral NaKA, Andheri (E) Mumbai 400059**

